संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
12 मार्च 2025, बुधवार
पृष्ठ-8, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 160
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

### इस बार होली में पड़ेगी गर्मी, आज से तापमान में वृद्धि शुरू

**रांची ।** झारखंड में इस बार होली में गर्मी अधिक होगी। होली के आसपास तापमान सामान्य से चार-पांच डिग्री अधिक रहेगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बार होली के आसपास एंटी साइक्लोन की स्थिति बन रही है। इसकी वजह से तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। उन्होंने बताया कि तापमान में बुधवार से बढोत्तरी होने लगेगा। वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा और धूप में तल्खी महसूस की गई।

# कुख्यात अपराधी अमन साहू पुलिस मुठभेड़ में ढेर

## पलामू पुलिस ने कहा- फायरिंग करते हुए भाग रहा था अमन साहू, आत्मरक्षा में पुलिस ने चलाई गोली



संवाददाता

**पलामू ।** झारखंड का कुख्यात अपराधी अमन साहू मंगलवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। उसे छत्तीसगढ़ के रायपुर से एनआईए केस के सिलसिले में राँची लाया जा रहा था। पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में घटना हुई। एसटीएस (स्पेशल टास्क फोर्स) जवान भी जख्मी हुआ है। जिले की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि की है। अमन साव एनकाउंटर मामले पर पलामू पुलिस की ओर से बयान जारी किया गया है। पुलिस के ओर से जारी किए गए बयान के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे पुलिस अधीक्षक, पलामू से सूचना प्राप्त हुआ कि आतंकवाद निरोधी दस्ता झारखण्ड रांची के द्वारा सेंट्रल जेल रायपुर से अभियुक्त कुख्यात गैंगस्टर अमन साव पिता निरंजन साहु को एनआईए कोर्ट रांची में प्रस्तुत करते हुए सेंट्रल जेल होटवार,रांची में शिफ्ट करने हेतु ले जाया जा रहा था। इसी क्रम में चैनपुर थाना एवं रामगढ़ थाना के बोर्डर पर चैनपुर थाना अंतर्गत अंधारी ढोढा घाटी में जंगल का फायदा उठाते हुए अमन साव के गुर्गो द्वारा अमन साव को पुलिस के गिरफ्त से छुड़ाने हेतु बम,गोला फेकते हुए पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने लगे। इसी बीच अफरा तफरी के माहौल का फायदा उठाते हुए अमन साव एक जवान का हथियार छिन कर गाड़ी से उतर कर फायरिंग करते हुए भागने लगा।इसके बाद आतंकवाद निरोधी दस्ता झारखण्ड,रांची स्कॉर्ट पार्टी द्वारा आत्मरक्षा में जबाबी कार्रवाई किया गया तथा इस घटना में आतंकवाद निरोधी दस्ता झारखण्ड, रांची का एक जवान के जांघ में गोली लगा है जिसका ईलाज नजदीकी अस्पताल में कराया जा रहा है। अमन साव के गुर्गे फायरिंग करते हुए जंगल का फायदा उठा कर वहां से भागने में सफल रहे। अमन साव का शव जमीन पर करवट अवस्था में हाथ में इंसास राईफल लिए हुए पड़ा हुआ है तथा आस पास खोखा एवं जिन्दा कारतूस, जिन्दा बम एवं फटे बम का अवशेष पड़े हुए है। वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार टीम गठित कर सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु काण्ड का अनुसंधान भार विशेष अनुसंधानक सुरेश राम पुलिस निरीक्षक, शहर अंचल को सौपा गया है तथा घटनास्थल का निरीक्षण प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी अंचलाधिकारी, सदर की उपस्थिति में एफएसएल , बीडीडीएस, तथा डॉग स्कॉयड की टीम के साथ विधिवत् फोटोग्राफी/विडियोग्राफी किया गया है।

### कानून को चुनौती देने वाले का यही हश्र होगा : बाबूलाल



**रांची।** झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव मंगलवार को मुठभेड़ में मारा गया। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड पुलिस की ओर से एक कुख्यात अपराधी का एनकाउंटर प्रदेश में आपराधिक साम्राज्य चलाने वालों के लिए कड़ा संदेश है। विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में मरांडी ने कहा कि जो कानून को चुनौती देगा, उसका यही हश्र होगा। जनता की सुरक्षा और शांति के लिए ऐसे अपराधियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है।

### सीबीआई से मामले की जांच होनी चाहिए : चंपाई सोरेन



**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस मामले में सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि डीजीपी पहले ही स्वीकार कर चुके हैं कि जेल से सबकुछ संचालित हो रहा है तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। आप अमन साव को कस्टडी में ला रहे थे तो फिर एनकाउंटर की बात कहां से आ गई। उन्होंने कहा कि सीबीआई से मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि अमन साव को सुरक्षा में ला रहे थे। आप उसे पकड़ने नहीं गये थे। जब कोई क्राइम करके दौड़ के जाता है और तब उसको मारा जाता है तो उसे एनकाउंटर कह सकते हैं।

### झारखंड को अपराध मुक्त राज्य बनाना पुलिस का काम : डीजीपी



**हजारीबाग ।** झारखंड का टेरर कहा जाने वाला अमन साव एनकाउंटर में मार गया है।इस घटना पर हजारीबाग पहुंचे राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा है कि यह पूरी घटना कैसे घटी है जिसे लेकर एटीएस के एसपी को घटनास्थल पर भेजा गया है। पूरे मामले की तह तक जाने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।उन्होंने यह भी बताया कि इस घटना में एक जवान घायल भी हुआ है। दरअसल अमन साव को रायपुर से झारखंड के एक कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड में भेजा जा रहा था।वह एक शातिर अपराधी था।ऐसे में सुरक्षा के लिए एटीएस की टीम भी साथ में थी।इसके बावजूद घटना कैसे घटी है यह जांच का विषय है।उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस का काम अपराधी को पड़कर जेल भेजना है और झारखंड की पुलिस वह कर रही है।उन्होंने कहा कि झारखंड में अमन साव, विकास तिवारी,अमन श्रीवास्तव और प्रिंस खान गिरोह सक्रिय है।इन सभी पर नकेल कसा जाएगा। झारखंड अपराध मुक्त राज्य हो इसके लिए पुलिस काम कर रही है।

### डीएसपी पीके सिंह ने किया गैंगस्टर का एनकाउंटर, पहले भी कर चुके हैं एनकाउंटर



**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के सबसे बड़े गैंगस्टर को आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) ने मार गिराया है। कुख्यात अपराधी अमन साहू झारखंड के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पीके सिंह की गोलियों का शिकार हुआ।पीके सिंह इस समय एटीएस में डीएसपी हैं। पीके सिंह धनबाद जिले के बैंक मोड़ थाना प्रभारी रहे हैं।वर्ष 2022 में बैंक मोड़ में मुथूट फाइनेंस में अपराधियों ने डाका डालने की कोशिश की थी, तब पीके सिंह ने ही उन डकैतों को एनकाउंटर में मार गिराया था।पीके सिंह की पहली पोस्टिंग वर्ष 2006 में नावाडीह थाने में हुई थी। पोस्टिंग के दौरान ही उन्होंने कहा था कि वह जहां रहेंगे, अपराधी उनके नाम से थर-थर कापेंगे।अपने कथन को उन्होंने सच साबित किया।कुछ ही दिनों में अपराधियों के लिए वह खौफ का पर्याय बन गये। कई अपराधियों का उन्होंने एनकाउंटर किया।इसके बाद उनको एनकाउंटर स्पेशलिस्ट कहा जाने लगा।डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह अपराधियों के लिए काल बन चुके प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पीके सिंह का नाम विवादों से भी जुड़ा।

### अंतिम संस्कार के लिए भाई ने लगाई जमानत की गुहार

**रांची ।** गैंगस्टर अमन साहू के एनकाउंटर की जानकारी मिलने के बाद जेल में बंद उसके भाई आकाश कुमार उर्फ आकाश साहू ने उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए औपबंधिक जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है। एनआईए की विशेष अदालत में इस पर बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की किया गया है। आकाश साहू वर्तमान में एनआईए कांड संख्या 1/2021 से जुड़े मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में सजा काट रहा है।

# भूमि के व्यावसायिक उपयोग पर सरकार लगाएगी टैक्स : दीपक बिरूआ

## राजस्व विभाग का 7.58 अरब की अनुदान मांग स्वीकृत

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान मंगलवार को भोजनावकाश के बाद राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग का 07 अरब, 58 करोड़, 97 लाख, 31 हजार रुपये की अनुदान मांग की स्वीकृति दी गई। इस दौरान विपक्ष सदन से अनुपस्थित रहा। इसलिए विपक्ष की ओर से लाया गया कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया। विपक्ष की ओर से अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव को विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रखा था। विभागीय मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि राज्य सरकार भूमि का व्यावसायिक इस्तेमाल करने पर टैक्स लगाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि राज्यों में दाखिल-खारिज कराने को लेकर समस्याएं हो रही हैं। इसे लेकर विभाग की ओर से अधिकारियों को कहा गया है कि दाखिल-खारिज का यदि कोई मामला का रिजेक्ट किया जाता है तो उस पर 50 शब्दों की टिप्पणी जरूर दें।



**जीएम लैंड को किया जाएगा लैंड बैंक से बाहर**

मंत्री ने कहा कि? राज्?य में पेसा कानून के तहत जमीन को संरक्षित करने का प्रयास राज्?य सरकार कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण कानून के तहत प्रावधान था कि यदि कोई उद्योगपति अधिग्रहित जमीन का उपयोग नहीं करता है तो पांच वर्षों के भीतर उसे रैयत को लौटाने का प्रावधान था, जबकि भाजपा शासन के दौरान इस जमीन को भी लैंड बैंक में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य के गोचर जमीन और गैरमजरूआ जमीन को लैंड बैंक में डाला गया है। इस जमीन को राज्यर सरकार लैंड बैंक से बाहर करने का प्रयास करेगी।

**13 सीमावर्ती जिलों में बनेंगे चेक पोस्ट**

मंत्री ने कहा कि सरकार सीमावर्ती 13 जिलों में चेक पोस्ट बनाएगी। इससे सरकार को एक हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। वहीं मंत्री ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में हुई वृद्धि पर कहा कि सरकार सड़क सुरक्षा को स्कूलों की पाठ्य पुस्?तकों में शामिल करेगी। ताकि अधिक से अधिक लोग इसे लेकर जागरूक हो सकें।

# विधानसभा में हेमंत सोरेन ने खेली होली, सत्ता पक्ष और विपक्ष दिखे एक साथ



संवाददाता

**रांची ।** बजट सत्र के दौरान मंगलवार को सदन की कार्यवाही समाप्ति के बाद झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित मंत्री और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के विधायक उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश तथा अबीर-गुलाल लगाकर पवित्र त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने समस्त झारखंडवासियों को पवित्र त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने होली मिलन समारोह के बाद मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्योहार निकट है, रंगों के इस त्योहार को हम सभी लोग उत्सव के रूप में मनाना शुरू कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपनी तथा राज्य सरकार की ओर से आप सभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मैं आशा एवं उम्मीद करता हूं कि इस होली त्योहार के रंग-बिरंगे रंगों की तरह आपके जीवन में भी सुख, समृद्धि तथा खुशहाली आए। कामना है कि आप सभी लोग स्वस्थ रहें एवं एक सुंदर वातावरण में आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ यह त्योहार मनाए। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बसंत ऋतु का ख़ास त्योहार होली, झारखंड के समस्त जनता के लिए जश्न और उमंग से भरा हो। उल्लेखनीय है कि बजट सत्र में सदन की कार्यवाही अब 18 मार्च से शुरू होगी। सदन की कार्यवाही 17 मार्च तक के लिए स्थगित की गई है। इस कार्य दिवस की समस्त कार्यवाही को अब 22 मार्च को लिये जाने का निर्णय लिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में तेजप्रताप और हेमा को जमानत

**पटना ।** बहुचर्चित लैंड फॉर जॉब घोटाले में मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें तेज प्रताप यादव और हेमा यादव सहित सभी आरोपियों को जमानत मिल गई। कोर्ट ने 50 हजार के निजी मुचलके और एक सिक्योरिटी पर बेल दी। जमानत देते हुए कोर्ट ने कई शर्तें भी रखीं, जिनके मुताबिक गवाहों से छेड़छाड़ नहीं करनी होगी। देश छोड़ने से पहले अदालत को जानकारी देनी होगी। गौरतलब है कि मामले में कुल 78 आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की थी, जिनमें से 70 को समन भेजा गया था। करीब 50 आरोपी कोर्ट में पेश हुए और सभी को जमानत मिल गई। तेजस्वी यादव और लालू यादव को पहले ही बेल मिल चुकी थी।

### रोशनी नाडार बनीं भारत की सबसे अमीर महिला



**नई दिल्ली ।** एचसीएल ग्रुप के संस्थापक शिव नाडार ने अपनी बेटी रोशनी नाडार मल्होत्रा को 47प्रतिशत हिस्सेदारी ट्रांसफर कर दी है। इस कदम के बाद रोशनी भारत की सबसे अमीर महिला बन गई हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, 3.13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ रोशनी नाडार देश की पहली अमीर महिला और तीसरी सबसे अमीर व्यक्ति बन गई हैं। इससे पहले शिव नाडार इस सूची में तीसरे स्थान पर थे। अब रोशनी नाडार उनसे यह स्थान छीन चुकी हैं।

# दुमका : महिला के गले से पांच लाख की चेन छीनकर बदमाश फरार

## रविवार को भी दो महिलाओं को बनाया था अपना निशाना

संवाददाता

**दुमका ।** नगर थाना क्षेत्र में चेन छीने वाले उचक्कों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। जिन बाइक सवार दो युवकों ने रविवार को दो महिलाओं को अपना निशाना बनाया था, उन्हीं युवकों ने मंगलवार की सुबह अग्रसेन भवन से चंद कदम दूर करीब 65 साल की नारायणी देवी के गले से चेन छीन ली और आराम से फरार हो गए। वजनी चेन में हीरे का लाकेट लगा हुआ था। तीन दिन में दो असली और एक नकली चेन की छिनतई के बाद जेवर पहनकर निकलने वाली महिलाओं में दहशत है।

महिला की शिकायत के बाद नगर थाना की टीम ने स्थल पर जाकर जांच की। सीसीटीवी खंगाला। इसमें रविवार को चेन छिनतई करने वालों का चेहरा सामने आया है। पुलिस दोनों की तलाश के लिए इधर उधर की दौड़ लगा रही है।



अग्रसेन भवन के समीप सोल्टी नाश्ता की दुकान के सामने रहने वाली नारायणी देवी सुबह करीब दस बजे टाटा शोरूम स्थित दादी सती मंदिर में चल रहे मंगलपाठ में जाने के निकली। वह घर से कुछ दूर टोटो का इंतजार कर रही थी। तभी बाइक सवार दो युवक आए और गले से चेन छीनकर भाग गए। चेन वजनदार होने के कारण महिला का गला छिल गया। महिला के बेटे विनीत अग्रवाल ने बताया कि सीसीटीवी में जो दो युवकों का चेहरा सामने आया है, उन लोगों ने रविवार को दो महिलाओं को अपना निशाना बनाया था।

बाइक सवार दोनों युवक अग्रसेन भवन के समीप अपना अडडा जमा लिया है। रविवार को भी इसी जगह पर निर्मला देवी नामक महिला को निशाना बनाया था। नारायणी देवी जब घर से बाहर निकली तो दोनों युवक उन पर नजर बनाए हुए थे।

# रांची : शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड की राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर में मंगलवार को एक स्कार्पियो ने खड़े ट्रक में टक्टर मार दी, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों में बरिष्ठ भाजपा नेता बास्को बेसरा के बड़े पुत्र अग्नि बेसरा भी शामिल है। इस हादसे में मृतकों की पहचान पश्चिमी सिंहभूम (जमशेदपुर) सुजीत कुमार सिंकू(20), पृथ्वी कुमार सहदेव (17) और सरायकेला-खरसांवा निवासी अग्नि बेसरा (25) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार अलसुबह करीब 03 बजे जमशेदपुर से आ रही स्कॉर्पियो ने रामलखन सिंह कॉलेज के पास खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गये। घटना



की सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल भेजा गया। भाजपा नेता बास्को बेसरा ने बताया कि पुत्र अग्नि बेसरा रांची एक्सआईएसएस जेवियर कॉलेज रांची में एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार देर रात एक शादी समारोह से शिरकत कर अपने दोस्तों के साथ गम्हरिया लौट रहा था। इसी दौरान सड़क दुर्घटना में बड़े पुत्र समेत दो दोस्तों की मौत हो गई।

# जेपीएससी के पांच अफसरों पर नए सिरे से जांच के आदेश

संवाददाता

**रांची ।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को जेपीएससी-दो के पांच अफसरों के खिलाफ नये सिरे से जांच करने का आदेश दिया है। विशेष न्यायाधीश ने जिन पांच अफसरों के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं उनके नाम प्रशांत कुमार लायक, लाल मनोज नाथ शाहदेव, कुमार शैलेंद्र, हरि उरांव और कुमारी गीतांजली का नाम शामिल है। न्यायालय ने अपने आदेश की कॉपी सीबीआई के ब्रांच हेड को भेजने का निर्देश दिया है।

वहीं सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने जेपीएससी-दो के अभियुक्तों के खिलाफ संज्ञान से संबंधित आदेश में लिखा है कि सीबीआई ने इन पांच आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र समर्पित नहीं किया है।

सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि जांच के दौरान प्रशांत लायक, लाल मनोज नाथ शाहदेव, कुमार शैलेंद्र, हरि उरांव और कुमारी गीतांजली के खिलाफ के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। न्यायालय ने अपने आदेश में लिखा है कि यह सभी प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त हैं। प्राथमिकी में इनके खिलाफ स्पेसिफिक आरोप हैं। इससे संबंधित फॉरेंसिक रिपोर्ट में इनके नंबरों में बदलाव किये जाने का ब्योरा भी उपलब्ध है। जांच अधिकारी ने इन्हें आरोप मुक्त करने के लिए किसी कारण का उल्लेख नहीं किया है। हालांकि परीक्षा में बड़े पैमाने पर अनियमितता होने की बात कही है।

# चुनाव आयोग ने अनसुलझे मुद्दों के समाधान के लिए राजनीतिक दलों से मांगे सुझाव

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** चुनाव आयोग ने ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए 30 अप्रैल तक सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से सुझावों को आमंत्रित किया है। आयोग ने एक बयान में इसकी जानकारी दी।

आयोग की ओर से आज राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत पत्र जारी किए गए हैं। आयोग ने इनमें पार्टी के अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ एक पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए बातचीत का भी सुझाव दिया है। पिछले सप्ताह सम्मेलन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के सीईओ, डीओओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने का निर्देश दिया था। साथ ही इस तरह की बैठकों में प्राप्त सुझावों को हल करने के लिए 31 मार्च तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट देने को भी कहा था। राजनीतिक दल संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग की ओर से माने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं। कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत समय-समय पर चुनाव आयोग की ओर से जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

# माराडमंत्री दो़ मॉरिशस रेन राष्ट्रपति साँवतेय आपाम एना, महाकुम्भ रेयाक् सो़नो़त दाक्ए एमादेया

खोबोरिया

**नावाँ दिल्ली।** माराडमंत्री नरेन्द्र मोदी दो़ मंगलवार हिलोक् पोर्ट लुईस रे मॉरिशस रेन राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल साँवते स्टेट हाउस रेय आपाम एना। नोआ ओ़कते उनी दो़ मॉरिशस रेन राष्ट्रपति पीता़ल-तांबालोटा रे सोर दिन प्रयागराज रे महाकु भ होयेन रेयाक् सो़नो़त दाक्ए एमावादेया। विदेश मंत्रालय दो़ मित् बयान जारी कातेय लाईकेदा जे नोआ आपाम ओ़कते रे नुकिन नेता दो़ भारत आर मॉरीशस ताला विशेष आर घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधको आर गा़हिर रेकिनगालमारावाना। नोआ बाबो़त रे बानार दिसा़म ताला इतिहास आर हो़ड़को ताला केटेच् संबंध रेयाक् अस्तित्वको दिसा़ केदा। माराडमंत्री मोदी दोय मेन केदा जे मॉरीशस रेयाक् राष्ट्रीय दिवस सेमेलेत् रे आसो़ल पेड़ा रूप रे दोसार धाव सेलेदोक् उनी लागित् मानो़त रेयाक् काथा काना। माराडमंत्री दो़ विशेष स मान रूप रे राष्ट्रपति गोखूल आर प्रथम महिला वृंदा गोखूल ता़किन ओसीआई कार्डए एमातकिना। माराडमंत्री दो़भारत सरकाराक् गो़ड़ों ते स्थापित स्टेट हाउस रे आयुर्वेद उद्यानहोंय दाड़ां जेल केदा। माराडमंत्री दोय मेन केदा जे आयुर्वेदघालो़क् पारंपरिक चिकित्सा रेयाक् लाभको लाहा बाढ़व रेमॉरीशस भारत रेयाक् मित् जा़रूड़ान साझेदार काना। गालमाराव तायो़म राष्ट्रपति गोखूल दो़ माराडमंत्रीयाक् स मान रे राजकीय भोज ए ओराम केदा। नोआ लाहा माराडमंत्री नरेन्द्र मोदी दो़ सर शिवसागर रामगुलाम वनस्पति उद्यान, पै पलमाउस रे सर शिवसागर रामगुलाम आर सर अनिरूद्ध जगन्नाथाक् समाधि रेय दिसा़ उड़हार आञ्जले केदेया। पुष्पांजलि समारोह रे माराडमंत्री सांवते मॉरीशस रेन माराडमंत्री नवीनचंद्ररामगुलाम होंय ताहेंकाना। नोआ ओ़पसो़र रे माराडमंत्री मोदी दो़ प्रगति आर भारत-मॉरीशस संबंधको ला़गित् केटेच् नींव बेनाव रेबानार नेतावाक् स्थायी विरासतकिन दिसा़ केदा। पुष्पांजलि बाहा आरावतायो़म माराडमंत्री नरेन्द्र मोदी आर मॉरीशस रेन माराडमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम दो़ ऐतिहासिक उद्यान रे मित्टेन दारे गो़गो़ जुतुम ते दोरेकिन रो़हो़य केदा।



# बार एवं रेस्टोरेंट को लेकर राज्य सरकार जल्द नियमावली बनाएगी

**रांची संवाददाता ।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव एवं जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में मंगलवार को रांची शहर में चल रहे बार एवं रेस्टोरेंट के संचालन से संबंधित जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। खंडपीठ ने राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद रांची नगर निगम को निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित करते हुए बंद कर दिया। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि रांची में चल रहे 33 रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट जिनके पास मैप की स्वीकृति सहित उचित लाइसेंस नहीं थे, उनसे रांची नगर निगम ने शो कॉज नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। उनके जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए रांची नगर निगम ने रांची शहर के 33 रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट को बंद कर सील कर दिया है। कोर्ट को बताया कि राज्य में बार एवं रेस्टोरेंट के संचालक को लेकर राज्य सरकार जल्द एक नियमावली ला रही है। कोर्ट ने रांची नगर निगम को निर्देश दिया कि वह समय-समय पर बार एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण करते रहे, जिससे बार एवं रेस्टोरेंट में अवैध निर्माण पर रोक लगे। साथ ही बार एवं रेस्टोरेंट में सुरक्षा मानक का इंतजाम सही तरीके से हो सके। मालूम हो कि अनुराग कुमार ने जनहित याचिका दाखिल कर रांची शहर में मंदिर, स्कूलों के निकट बार एवं रेस्टोरेंट के संचालक पर रोक लगाने का आग्रह किया था।

# मिहिजाम नगर भवन में होली मिलन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न



**मिहिजाम।** मिहिजाम नगर परिषद की निवर्तमान उपाध्यक्ष शांति देवी के तत्वावधान में नगर भवन में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों, वार्ड पार्षदों और समाजसेवियों ने एकजुट होकर होली का पर्व मनाया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी और सौहार्द तथा भाईचारे का संदेश दिया। समारोह में नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष कमल गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सिद्धार्थ राय, समाजसेवी उमेश झा, संजय सिंह, विजय भंडारी, वार्ड पार्षद रीता देवी, झिमली मजूमदार, महाबीर राय, रमेश रजक, अरुण यादव, विष्णु मुर्मू, रफीक अंसारी, पुलु यादव और विजय सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम इस आयोजन का विशेष आकर्षण रहे। स्थानीय कलाकारों ने होली गीतों से समां बांध दिया, वहीं हास्य कवियों की रचनाओं ने सभी को खूब गुदगुदाया। शांति देवी ने इस अवसर पर कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम और एकता का त्योहार है।कार्यक्रम में पारंपरिक व्यंजनों का भी आनंद लिया गया। नगरवासियों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे सामाजिक समरसता को मजबूत करने वाला बताया।

# स्वास्थ्य विभाग के शिविर में 35 लोगों ने लिया फूड लाइसेंस



**जामताड़ा संवाददाता ।** अपर मुख्य चिकित्सा कार्यालय सदर अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से खाद्य सामग्री बिक्री करने वाले दुकानदारों का फूड लाइसेंस और फूड निबंधन कराया गया। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर काली दास मुर्मू, खाद सुरक्षा पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में जिला मुख्यालय के करीब 35 खाद्य सामग्री विक्रेताओं ने फूड लाइसेंस और फूड रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सभी आवेदकों को फूड लाइसेंस दिया गया और आग्रह किया गया कि जिन्होंने अभी तक लाइसेंस नहीं लिया है वह जल्द से जल्द लाइसेंस बनवा लें। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि होली के बाद प्रखंड स्तर पर इस शिविर का आयोजन किया जाएगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग आसानी से फूड लाइसेंस प्राप्त कर सकें । उन्होंने बताया कि होली के बाद विभाग के द्वारा जांच अभियान चलाया जाएगा और जिन लोगों ने निबंधन नहीं कराया है उनका निबंधन करवाया जाएगा।

# खाद्य सुरक्षा के मानकों का सख्ती से पालन करें दुकानदार



**खूंटी संवादाता ।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर होली पर्व को देखते हुए जिला खाद्य पदाधिकारी एवं कार्यपालक दंडाधिकारी ने मंगलवार को मुरहू प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न दुकानों एवं विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में संतोष होटल, मां अन्नपूर्णा होटल सहित अन्य दुकानों से लड्डू, पेड़ा, रसगुल्ला आदि के नमूने लिए गए। दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा के मानकों का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। उन्हें स्पष्ट रूप से बताया गया कि दुकान परिसर की स्वच्छता एवं कर्मियों की व्यक्तिगत सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, यह भी निर्देशित किया गया कि बिना एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर, मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी तिथि, एवं बैच संख्या के किसी भी पैकेटबंद खाद्य सामग्री का क्रय-विक्रय न किया जाए। एफएसएस एक्ट-2006 के तहत अनियमितताओं की स्थिति में दस लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसी क्रम में जनजातीय आवासीय बालिका विद्यालय कुंदी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के किचन में साफ-सफाई की कमी पाई गई। साथ ही, खाना पकाने में उपयोग किए जा रहे शेरा ब्रांड वेजिटेबल ऑयल की पैकिंग पर मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट एवं फूड लाइसेंस नंबर अंकित नहीं था। इस पर संज्ञान लेते हुए विद्यालय प्रशासन को निर्देश दिया गया कि अविलंब उक्त तेल को बदलकर एफएसएसएआई मानक वाले तेल का उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

# आईएचएस के पूर्व कर्मी पर गोली चलाने वाला गिरफ्तार

**रांची संवाददाता।** रांची के कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज (आईएचएस) के पूर्व कर्मी पर गोली चलाने वाले को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पंकज सिंह के रूप में हुई है और वह कंपनी में सुरक्षा गार्ड का काम करता है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने मंगलवार को बताया कि आईएचएस के पूर्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार को सोमवार की रात गोली मारी गई। इससे वह घायल हो गया। सका इलाज रांची के रिम्स में चल रहा है और वह खतरे से बाहर है। डीएसपी ने बताया कि सुरक्षा गार्ड पंकज सिंह और अन्य कर्मी शराब पी रहे थे। इसी दौरान गलती से गोली चलने की बात सामने आई है। इसमें जितेंद्र सिंह जख्मी हो गया था। जितेंद्र के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई और आरोपित पंकज को गिरफ्तार कर लिया है।

# चुनाव आयोग ने चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए पार्टी नेताओं को आमंत्रित किया




**देवघर संताल एक्सप्रेस ।**भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,जिला निर्वाचन पदाधिकारी या मुख?य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए,पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले,पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग में सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख?य निर्वाचन पदाधिकारी,जिला निवार्चन पदाधिकारी और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित रूप से बातचीत करें, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से ही मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर हल करें और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत भागीदारी के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक रजिस?ट्रीकरण नियम, 1960; निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961; सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश,मैनुअल और हैंडबुक (भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत,मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है। ऐसे में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ उपरोक्त तथ्यों को लेकर 21 मार्च को जिला स्तर पर बैठक का आयोजन किया गया है।

# मादक पदार्थों की बिक्री एवं इसकी रोकथाम पर जारी सुनवाई निष्पादित

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव एवं जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में मंगलवार को झारखंड में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री एवं इसकी रोकथाम को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान से दर्ज मामले की सुनवाई हुई।खंडपीठ ने राज्य सरकार का जवाब देखते हुए इस जनहित याचिका को बंद करते हुए निष्पादित कर दिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड पुलिस ने पिछले कई महीनों में राज्य के कई जिलों में अवैध रूप से चल रहे कई हेक्टेयर में अफीम की खेती को नष्ट किया है। अफीम, चरस, गांजा के तस्करों पर पुलिस ने लगाम लगायी है। मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री करने वाले पकड़े जा रहे हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस मादक पदार्थ की खेती को नष्ट कर रही है ।

# आदिवासी विधायकों की शवयात्रा 21 को 22 को झारखंड बंद का आह्वान

**रांची संवाददाता।** केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली में संयुक्त आदिवासी संगठनों की बैठक मंगलवार को हुई। इस दौरान सरना स्थल के समीप फ्लाईओवर का रैंप हटाने को लेकर हुई मानव श्रृंखला की समीक्षा की गई। निर्णय हुआ कि आगे की रणनीति के तहत राज्य स्तरीय पुतला दहन होगा और 21 मार्च को 30 आदिवासी विधायकों की शवयात्रा निकाली जाएगी। साथ ही मशाल जुलूस निकाला जाएगा। 22 मार्च को झारखंड बंद का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि फिर भी राज्य सरकार ने हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो अनिश्चितकालीन धरना पर बैठा जाएगा।आंदोलन की अगुवाई कर रहे कुंदरसी मुंडा, पवन तिर्की और निरंजना हेरेंज ने कहा कि आदिवासी समाज के द्वारा सरकार को जो अल्टीमेटम दिया गया था कि 10 मार्च तक फ्लाईओवर रैंप को सरकार अविलंब हटाए, उसका अल्टीमेट समाप्त हो गया है। अंत में सहमति बनी कि रांची उपायुक्त के द्वारा सरहुल शोभायात्रा की तैयारी को लेकर जो शांति बैठक रखी जाएगी, उसका सरना समाज विरोध करेगा और उसमें सरना समाज एवं आदिवासी संगठन शामिल नहीं होंगे। बैठक की अध्यक्षता जगलाल पाहन ने की। संचालन पवन ने किया। मौके पर राहुल तिर्की, सोनू खलखो, बबलू मुंडा, रवि मुंडा, बलकू उरांव, रवि खलखो, गुलाब चंद बाड़ा, आकाश तिर्की, आकाश बेक, संदीप तिर्की, विजय तिर्की, भीम उरांव, संगीता तिर्की, चंदन पाहन, गीता लकड़ा, अजय टोप्पो, नकुल तिर्की, प्रदीप लकड़ा, सुशीला कच्छप सहित अन्य मौजूद थे।

# नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा का देवघर आगमन, डीसी ने किया स्वागत



**देवघर ।** नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा के देवघर आगमन पर डीसी विशाल सागर ने बुके देकर उनका स्वागत किया। नेपाल और भारत के सांस्कृतिक एवं धार्मिक संबंधों को और प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से उनका यह दौरा विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। देवघर, जो बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए प्रसिद्ध है, नेपाल से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। इस अवसर पर जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। नेपाल की विदेश मंत्री के इस दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उनके आगमन से भारत-नेपाल के बीच धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक मजबूती मिलने की संभावना है।

# डीपीआर का एलाईमेंट बदल कर हो रही पेड़ों की कटाई : प्रदीप यादव



**रांची संवाददाता ।** कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य में सड़क निर्माण के डीपीआर का एलाईमेंट बदलकर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि विदेशों में एक पेड़ के लिए सड़क का रूट बदल दिया जाता है, लेकिन यहां मनमाने तरीके से पेड़ों की कटाई की जा रही है। उन्होंने इस मामले को गंभीर बताते हुए सड़कों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के नाम पर हो रही वनों की कटाई को रोकने की मांग सरकार से की। विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण में सड़क की परत हटाकर नई सड़क बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में मौजूदा सड़क को छोड़ दूसरे इलाके से सड़क बनाई जा रही है। इससे हजारों लोगों की मकानें टूटेंगी। 1980 से राज्यी में जमीन का सर्वे लंबित विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य में जमीन सर्वे का काम वर्ष 1980 से लंबित है। सरकार को इसे युद्ध स्तर पर शुरू कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास और राजस्व कार्यालय दलालों का अडडा बन हुआा है। सरकार को इसपर लगाम लगाने की जरूरत है।

# धनबाद में त्योहारों को लेकर आयुक्त व डीआईजी ने की तैयारियों की समीक्षा

**धनबाद।**आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार और बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा ने मंगलवार को धनबाद जिला समाहरणालय में अधिकारियों के साथ बैठक में होली व रमजान को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की।आयुक्त ने कहा कि सभी थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को शांति समिति से जोड़ें।संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च करें और विशेष निगरानी रखें।असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर उनकी धर-पकड़ करें।आयुक्त ने शराब पीकर और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों पर नकेल कसने, कंट्रोल रूम में एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन व सभी स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की टीम की मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में डीआईजी ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से तैयारियों की जानकारी ली।उन्होंने सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने, क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) प्लान तैयार करने, 24 घंटे कंट्रोल रूम एक्टिव रखने, थाना क्षेत्र के होलिका दहन स्थलों को चिह्नित करने, मादक पदार्थ और अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने, स्कूल, कॉलेज व कोचिंग सेंटर के आसपास गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया।आयुक्त व डीआईजी ने कोयला और बालू के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए भी दिशा-निर्देश दिए।अवैध खनन स्थलों पर खनन टास्क फोर्स द्वारा नियमित छापामारी करने, मुहानों की डोजरिंग, अवैध खनन के रूट पर छापामारी करने, वर्चस्व स्थापित करने वालों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# होली पर्व पर आसनसोल से दो अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें संचालित

**देवघर।** होली के दौरान यात्रियों की संख्या में संभावित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने उत्तर बिहार और गोरखपुर की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए दो अनारक्षित होली स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। इन ट्रेनों का उद्देश्य त्योहारी भीड़ के बीच यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करना है। यात्रियों को बिना किसी पूर्व आरक्षण के सामान्य टिकट पर यात्रा करने की सुविधा दी गई है।आसनसोल और अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।प्रतीक्षारत यात्रियों के लिए टेंट एवं होल्डिंग क्षेत्र बनाया गया है। यात्रियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क एवं बूथ स्थापित किए गए हैं। पर्याप्त पेयजल सुविधा और अतिरिक्त रेलवे स्टाफ तैनात किए गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। स्पेशल ट्रेनों का संचालन और ठहराव में आसनसोल-गोरखपुर अनारक्षित होली स्पेशल ट्रेन 03513 आसनसोल-गोरखपुर,प्रस्थान 12 मार्च 2025, शाम 6:30 बजे,गंतव्य आगमन 13 मार्च 2025, सुबह 10:15 बजे,03514 गोरखपुर-आसनसोल,प्रस्थान 13 मार्च 2025, दोपहर 1:00 बजे,गंतव्य आगमन 14 मार्च 2025, सुबह 3:45 बजे,ठहराव चित्तरंजन, जामताड़ा, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, जमुई, किउल जंक्शन, बड़हिया, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर जंक्शन, हाजीपुर जंक्शन, छपरा ग्रामीण, छपरा, सिवान और देवरिया सदर में होगा। आसनसोल-पटना अनारक्षित होली स्पेशल ट्रेन में 03511 आसनसोल-पटना,प्रस्थान 13 मार्च 2025, सुबह 11:30 बजे, गंतव्य आगमन 13 मार्च 2025, शाम 6:45 बजे,03512 पटना-आसनसोल,प्रस्थान 13 मार्च 2025, रात 7:45 बजे,गंतव्य आगमन~ 14 मार्च 2025, सुबह 3:45 बजे,ठहराव में चित्तरंजन, जामताड़ा, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, जमुई, किउल जंक्शन, लक्खीसराय जंक्शन, बड़हिया, हाथीदह जंक्शन, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरूपुर, फतुहा और पटना साहेब। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक स्पेशल ट्रेन में कुल 18 कोच होंगे। 16 कोच सामान्य द्वितीय श्रेणी के होंगे। 02 कोच सामान्य श्रेणी प्लस लगेज कोच होंगे। पूर्व रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे सफर के दौरान अनुशासन बनाए रखें और रेलवे द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें, ताकि यात्रा सुरक्षित और सुगम हो सके।

# रिम्स के डॉक्टरों को जल्द मिलेगी पदोन्नति : इरफान अंसारी



**रांची संवाददाता।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू हुई। सदन में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जीबी की बैठक बुलाकर रिम्स के डॉक्टरों को जल्द ही पदोन्नति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में पदोन्नति में विसंगतियां हुई है, इसे वह स्वीकार करते हैं। इसके लिए उन्होंने फाइल भी मंगाया है। अब जीबी की बैठक बुलाकर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। डॉक्टर अंसारी कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप के ध्यानाकर्षण का जवाब दे रहे थे। विधायक कच्छप का कहना था कि डॉक्टरों को पदोन्नति नहीं मिलने से पूर्व में जो पदोन्नति दी गई उसमें भारी गड़बड़ी हुई है। 60 साल की उम्र के बाद ज्वाइन करने वाले डॉक्टर पदोन्नति नहीं मिलने के कारण जूनियर हो गए हैं और नियमित डॉक्टर जिन्हें सीनियर चिकित्सकों ने पढ़ाया है वह जूनियर हो गये। कच्छप ने राज्य के ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को रिम्स डायरेक्टर बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले डायरेक्टर कार्यकाल पूरा किए बगैर बीच में ही चले जाते हैं इससे रिम्स की व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता है।

# होली मिलन सह शांति समिति की बैठक

**देवघर संवाददाता ।** होली के मद्देनजर मंगलवार को देवीपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बारला ने की। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में निर्णय लिया गया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस गश्ती बढ़ाई जाएगी, और यदि किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधि की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। साथ ही शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। बैठक के बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बैठक में थाना प्रभारी संदीप कृष्णा, प्रमुख प्रमिला देवी, उपप्रमुख पप्पू यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र यादव,जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश यादव, प्रमुख प्रतिनिधि नीलम यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के तेजनारायण वर्मा,पूर्व मुखिया जिला संघ अध्यक्ष बबलू कुमार पासवान, कसाठी पंचायत के मुखिया श्रीकांत मंडल, हुसैनाबाद पंचायत के मुखिया कन्हैयालाल झा, मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप मंडल, पूर्व मुखिया संजय प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि किशोर झा, सीताराम यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# राज्य में म्यूटेशन के 78500 मामले पेंडिंग :आलोक



**रांची संवाददाता ।** बजट सत्र में मंगलवार को भोजनवकाश के बाद भाजपा विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि राज्य में म्युटेशन और दाखिल-खारिज को लेकर भारी समस्या है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब तक 78500 मामले म्यूटेशन से संबंधित मामले पेंडिंग हैं। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय लूट का अडडा बना हुआ है। यहां बिना पैसा का कोई काम नहीं होता है। ऑनलाइन काम के लिए भी लोगों से पैसे की मांग की जाती है। उन्होंने कहा कि पैसा मांगने की वजह पूछने पर अधिकारी कहते हैं कि उपर में पैसा देकर आए हैं तो पैसे देने पड़ेंगे। सभी काम के लिए रेट तय है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी के एक नेता की श्रीकृष्णन संस्था की ओर से उनके इलाके में चेरो जनजातियों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। स्टीमेट बढ़ाकर अधिकारी और अफसर बढ़ा रहे रेट विधायक ने सड़क निर्माण में ठेकेदार और अफसरों की ओर से मिली भगत कर स्टीमेट बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि योजना में देरी से स्टीमेट में कुछ राशि बढ़ जाती है, लेकिन कई अनावश्यक वजहों से भी स्टीमेट बढ़ाकर सरकारी पैसे की लूट हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से ट्रैक्टर में जबरन बालू डालकर वसूली हो रही है। उन्होंने 114 करोड़ रुपए के चैनपुर-लोहरसी सड़क का निर्माण कैबिनेट में लाकर कराने की मांग सरकार से की। विधायक ने कहा कि खान विभाग में कोयले की लूट को लेकर हत्याएं हो रही हैं। उन्होंने सरकार पर राज्य के लोगों को खनन लीज नहीं देने का आरोप लगाया। विधायक ने कहा कि पैसे के बूते खनन की लीज बाहरी लोगों को दी जा रही है। वहीं भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि उनके क्षेत्र में अपराधी खुलेआम व्यावसायियों से रंगदारी मांगते हैं। उन्होंने पुलिस पर सत्ता पक्ष के लोगों की मदद करने का भी आरोप लगाया।

**विपक्ष ने बहायी भ्रष्टाचार की गंगोत्री : हेमलाल**



झामुमो के विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि विपक्ष ने राज्य में भ्रष्टाचार की गंगोत्री बहायी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार भूमि अधिग्रहण कानून-2013 में संशोधन कर के रेल और सिंचाई सहित अन्य जरूरतों के लिए भूमि अधिग्रहण करने में ग्राम सभा की स्वीकृति के प्रावधान को समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि इस कानून में सरकार ग्राम सभा की बैठक में 50 प्रतिशत उपस्थिति को लागू करे। साथ ही उन्होंने भूमि अधिग्रहण कानून में पूर्ववर्ती सरकार की ओर से किए गए संशोधन को वापस करने की मांग की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के असहयोग के बावजूद राज्य सरकार अच्छी सड़कें बना रही है। विधायक ने दुमका से अमड़ापाड़ा की जर्जर सड़क को बनाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने हाथीगढ़-गम्हारिया तक के 19 किमी की सड़क को आरईओ से पीडब्ल्यूडी में कंवर्ट करते हुए बनाने की मांग की।

# बगैर मुआवजे दिये लोगों को किया जा रहा विस्थापित : चौधरी



**रांची संवाददाता।** बजट सत्र में मंगलवार को भोजनवकाश के बाद भाजपा के विधायक रौशन लाल चौधरी ने कहा कि सरकार लोगों को बगैर मुआवजा दिलाए उन्हें विस्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि एसआइटी की जांच का हवाला देकर लोगों को मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने इस मामले को सरकार से संज्ञान में लेने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि अंचल कार्यालयों में कोई काम नहीं हो रहा है। वहीं विधायक राज सिन्हा ने कहा कि राज्य में केंद्र सरकार के सहयोग से कितनी सड़कें बन रही है। इसपर विभागीय मंत्री को जवाब देना चाहिए। भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि अरगोड़ा-कटहल मोड़ सड़क के चौड़ीकरण का मुददा उठाते हुए कहा कि यह मामला पिछले 11 वर्षों से लटका हुआ है। इसलिए सरकार इसे जल्द पूरा कराए।

# होली मिलन समारोह आयोजित

**गोड्डा संवाददाता ।** होली पर्व को विधि व्यवस्था संधारण हेतु नगर थाना परिसर में सोमवार की संध्या शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। वहीं बैठक की अध्यक्षता मुख्य रूप से गोड्डा के प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानंद जायसवाल एवं नगर थाना प्रभारी दिनेश कुमार महली के द्वारा किया गया। वहीं बैठक में नगर के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शहर के सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित नगर वासियों ने कहा कि होली से दो दिन पहले ही शराब के दुकानों को बंद करवा दिया जाए साथ ही इस बात का भी प्रचार कराया जाए कि डीजे का इस्तेमाल ना हो, ना ही कहीं भी कोई अश्लील गाना बजाया जाए और किसी भी तरह की और अप्रिया घटना से निपटने के लिए जगह-जगह पर जो पुलिस बल के तैनाती की बात कही गई है इससे बेहतर होगा कि सभी पंचायत के मुखिया को इस बात का निर्देश दिया जाए कि वह अपने पंचायत में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशाशन का सहयोग करे। यदि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के घटना दुर्घटना की बातें सामने आती है तो उसे नजर अंदाज न करें उस पर नजर बनाए रखें और प्रसाशन को तुरंत सूचित करें।

वहीं इस बात को लेकर भी चर्चा हुई की रमजान का महीना चल रहा है ऐसे में होली के दिन जो नमाज का समय होता है इस दौरान नमाज अदा कर लौट रहे मुस्लिम भाई के ऊपर रंग गुलाल लगाया जा सकता है ऐसे में उस व्यक्ति का त्यौहार खराब हो जाएगा साथ ही शांति भी भंग हो सकती है।

# एसबीयू के नर्सिंग विभाग में कार्यक्रम आयोजित



**रांची संवाददाता ।** आज महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी (सरला बिरला यूनिवर्सिटी) रांची में लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित कर और फ्लोरेंस नाइटिंगल को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने मानव सेवा, दृढ़ता ,कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की भावना रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में अपने उदगार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. चंद्र किशोर शाही, मुख्य निदेशक, स्वास्थ्य सेवा, झारखंड सरकार ने कहा कि आज के दौर में अस्पतालों में नर्सों की भूमिका चिकित्सकों के मुकाबले ज्यादा हो चुकी है। मरीज की सेवा-सुश्रुषा से लेकर इलाज तक की अहम जिम्मेवारी नर्सों की होती है। पहले नर्सिंग के पेशे को लेकर लोगों का नजरिया नकारात्मक हुआ करता था, लेकिन आज लोग इस पेशे से जुड़े लोगों का सम्मान करते हैं। नर्सिंग के मूल मंत्र सेवा की भावना को उन्होंने पवित्र बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मन~ चिकित्सा संस्थान के निदेशक डॉ. वी. के. चौधरी ने नर्सों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक नर्स के लिए मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होती। उन्होंने नर्सों को अस्पताल की रीढ़ करार दिया। सरला बिरला विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने समाज में नर्सों के योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि नर्सों को ईश्वर ने ही मानवता की सेवा करने के लिए भेजा है। माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने अपने संबोधन में मानव सेवा को ही ईश्वर की सेवा करार दिया। सेवा की भावना को आत्मसात् कर अपना जीवन समर्पित करने नर्सों का उन्होंने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रोताओं को विवि के कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह, विभाग की प्राचार्या डॉ. सुभानी बाड़ा एवं नर्सिंग और योग विभाग के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर श्री प्रफुल्लो बारजो और धन्यवाद भाषण उप प्राचार्या श्रीमती मीनल श्वेता ने दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस आयोजन के लिए विवि के माननीय कुलाधिपति श्री बिजय कुमार दलान और माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## पुत्र के मुंडन कार्यक्रम के दौरान चली गोली, पिता घायल

**संवाददाता**

**साहिबगंज ।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओझा टोली मुहल्ला में गोली चलने की घटना मे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया .घायल व्यक्ति को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लेखर पहुंचा. जहां चिकित्सक डॉ मोहन मुर्मू ने घायल का इलाज प्रारंभ कर दिया .बताया जा रहा है.भागलपुर जिला के पीरपैंती संभलपुर निवासी रामनारायण ओझा की 39 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार उर्फ सोनू ओझा साहिबगंज अपने मामा ध्रुव भगत ओझा के घर आया था. जहां सुमित कुमार ओझा के दो पुत्र का सोमवार को घर में मुंडन का कार्यक्रम चल रहा था. सोमवार की रात मुंडन हो रहा था.उसी दौरान अचानक गोली चल गई. गोली चलने की आवाज सुनते ही घर व से लेकर आसपास में अफरातफरी मच गई.घटनास्थल पर जाकर देखा तो घर में ही सुमित कुमार ओझा उर्फ सोनू ओझा को गोली दाहिने पैर में लगी थी.परिजनों ने सुमित को इलाज के लिए रात मे ही सदर अस्पताल लाया.मामले की सूचना मिलते ही नगर थाना इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता दलबल के साथ सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए .थाना प्रभारी ने बताया कि हर्ष फायरिंग के द्वारा गोली लगी है. अपराधी की तलाश की जा रही है जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे. किस कारण से गोली चली है. अपराधी की गिरफ्तारी के बाद ही खुलासा हो सकेगा फिलहाल पुलिस अपराधी की तलाश में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है.



## भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया होली मिलन समारोह



**साहिबगंज ।**- भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष गरिमा शाह के आवास पर मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह मे सभी महिलाओं ने मिलकर जम कर होली खेली और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. जिला अध्यक्ष गरिमा शाह ने नगरवासियों से अपील की कि आपसी भेदभाव भूल कर रंगों के उत्सव को जरूर मनाएं . हम समाज के ऐसे किसी भी व्यक्ति जिसको आवश्यकता हो उसके जीवन में खुशियां ला सके इसका प्रयास अपनी तरफ से जरूर करें.समारोह मे रूपम कुमारी,स्वेता झा, अर्चना साह, महेश्वरी देवी, चंदा देवी ,काजल गुप्ता, रूपा पांडे ,स्मृति आर्य, मिकी झा ,प्रिया गुप्ता ,सविता देवी, रिंकी देवी ,संगीता भारती, शीला देवी, किरण देवी, काजल देवी ,नंदनी कुमारी, सुशीला देवी, सुनीता देवी ,रोशन खातून, नूर जहां, नम्रता कुमारी, निशा कुमारी ,नीलू कुमारी ,प्रिया सिंह,निम्मी सिन्हा , पूजा राय ,सोनी देवी, मंजू कुमारी, रीना कुमारी, तेजस्विनी कुमारी उपस्थित थे.

## सुरक्षा व विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस ने चलाया संघन वाहन जांच अभियान



साहिबगंज - होली पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था चाक चौबंद रखने को लेकर नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के गोपालपुल के समीप संघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. संघन वाहन जांच अभियान मोटरसाइकिल,ओटो व चार पहिया वाहन सहित भारी वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, डिक्की, बैग की जांच की गई. वही पुलिस ने चालकों से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने,वाहध चलाते समय वाहन का सभी पेपर,ड्राइविंग लाइसेंस अपने साथ रखने,नशा कर वाहन न चलाने व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने सहित कई सख्त निर्देश दिए. मौके पर नगर थाना के पुलिस पदाधिकारी व पुलिस के जवान उपस्थित थे.

## किशोर को सांप ने डसा

साहिबगंज -साहिबगंज जिले के मिर्जाचौकी में एक किशोर को सांप ने काट लिया.सांप काटने से युवक मूर्छित हो गया. किशोर को परिजनों ने अचेतावस्था मे इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया.जहां चिकित्सक डा प्रशांत कुमार ने किशोर का इलाज प्रारंभ कर दिया.मिली जानकारी के अनुसार किशोर मिर्जाचौकी निवासी राजेश कुमार साह का 17 वर्षीय पुत्र अमन कुमार है.परिजनो ने बताया कि अमन कुमार मिर्जाचौकी रेलवे स्टेशन के तरफ से कही जा रहा था और रेलवे लाइन पार कर रहा था.उसी दौरान सांप में उसे काट लिया. बरहाल अमन कुमार का इलाज साहिबगंज सदर अस्पताल में चल रहा है.

## शांति समिति की बैठक मे होली मे सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने पर चर्चा

साहिबगंज- जिला मुख्यालय स्थित जिरवाबाड़ी थाना परिसर में मंगलवार को होली को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीपीओ सह प्रभारी थाना प्रभारी किशोर तिर्की की अध्यक्षता मे हुई.बैठक मे उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि होली के दौरान किसी भी समुदाय के लोगों के खिलाफ कोई भी भड़काऊ गाना या फूहड़ गाना बजाने पर सख्त कार्रवाई होगी. सोशल मीडिया में कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट करने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा. ऐसा करने वालों के साथ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी. कोई किसी को जबरन रंग नहीं लगाएं. असमाजिक तत्वों से निपटने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है. उन्होंने सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाये रखने में एक दूसरे का और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की. मौके पर बोरियो सीओ, सर्किल इंस्पेक्टर राजीव रंजन, जिरवाबाड़ी थाना के पुलिस पदाधिकारी व शांति समिति के सदस्य मौजूद थे.

## जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं से अवगत हुए डीसी

साहिबगंज -जिला समाहरणालय परिसर स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को डीसी हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी.जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से डीसी को अवगत कराया. डीसी ने लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी. साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया. संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही. जनता दरबार मे शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित थे.जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया.सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि डीसी कार्यालय को समर्पित करें.

## बोरियो में चला संघन वाहन जांच अभियान, 40 वाहनों का कटा चालान

बोरियो- बोरियो थाना सामने डीटीओ मिथिलेश कुमार चौधरी एवं थाना प्रभारी पंकज वर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का चेकिंग अभियान चला.संघन वाहन जांच अभियान मे दो पहिया ल चार पहिया वाहनो की जांच के दौरान बिना हेलमेट, ट्रिपल लोडेड, बीमा, वही बड़े वाहनों से भी जरूरी कागजात की जांच की गई. जांच के दौरान कुल 25 वाहनों में कागजात के अभाव में त्रुटि पाए जाने कुल 61250 रूपए का चालान काटा गया. मौके पर जिला परिवहन प्रबंधक राजहंस रोड सेफ्टी इंजीनियर अनुज परासर सहित अन्य मौजूद थे.

## होली व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

मंडरो -मिर्जाचौकी थाना परिसर में मंगलवार को बीडीओ सह सीओ मेघनाथ उरांव की अध्यक्षता में व मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव की उपस्थिति में होली व रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई.बैठक में उपस्थित लोगों के बीच बीडीओ मेघनाथ उरांव ने कहा कि हम सभी अच्छी तरह से होली खेलना है और हर्बल होली खेलना है.इस वर्ष रमजान और होली पर्व दोनो है.इसलिए शांति पूर्वक होली पर्व को मनाना है. सोशल मीडिया पर पैनी नजर रहेगी कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करेंगे.क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनी रहे इस पर पूरा ध्यान रखना है. होलिका दहन जहां भी लोग करेंगे वहां होलिका दहन के पश्चात जले हुए अग्नि को बुझा देना है ताकि कहीं भी आगजनी की घटना न हो .थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने बताया कि जबरदस्ती किसी को रंग नहीं लगाना है.जबकि डीजे अगर बजाना है तो धीमी आवाज मे इस बात का ध्यान रखना है की आपत्तिजनक और अश्लील गाना नहीं बजाना है.जिससे किसी को भी किसी तरह की आपत्ति ना हो. 13 मार्च को पुलिस फोर्स के साथ मिर्जाचौकी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाली जाएगी.वहीं हुडदंग करने वालों पर विशेष नजर रहेगी.बैठक संपन्न होने से पहले एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी. मौके पर मिर्जाचौकी थाना के एसआई पवन कुमार यादव,मो. आफताब अंसारी,महेन्द्रर सिंह, एएसआई कासिम शाह,जोसेफ बेसरा,शिवलाल मरांडी,विल्सन हांसदा,झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह,मंडरो प्रखंड सचिव बबलू मिश्रा,राजीव जयसवाल, वीरेंद्र कुमार शाह, राजेश राम,शिवलाल पंडित बालेश्वर प्रसाद भगत,शिव शंकर गुप्ता,बडतल्ला के मुखिया संजय टुडू,मो. नजीर अंसारी,मो. आलम अंसारी,लोकमान अंसारी,सिद्दीक अंसारी,जमाल अंसारी,समसुद्दीन अंसारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे.

## मदर केयर सेंटर, फॉसिल म्यूज़ियम और हाई-टेक सुविधाओं का भव्य उद्घाटन



**संवाददाता**

**साहिबगंज।** सिद्धो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के एक प्रमुख अंगीभूत कॉलेज मॉडल कॉलेज राजमहल ने अपने परिसर में एक नए युग की शुरुआत की है. यह विश्वविद्यालय का पहला कॉलेज बन गया है जो पूर्ण रूप से सौर ऊर्जा से संचालित होगा. जिससे न केवल बिजली की बचत होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ा कदम उठाया गया है. मंगलवार को महाविद्यालय मे एक उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया. उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे सिद्धो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के कुलपति प्रो. डॉ. बिमल प्रसाद सिंह,

अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, डीएफओ प्रबल गर्ग और राजमहल एसडीओ शामिल हुए.समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने की. प्राचार्य महोदय ने स्वागत उद्बोधन किया और सभी अतिथियों को शाल और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया. कुलसचिव ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के क्रमिक विकास पर ध्यानाकर्षित किया . उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनको नियमित कक्षा करने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में सारी सुविधाएं हो गई है. आपलोग महाविद्यालय में अपनी सहभागिता बढ़ाएं.अपने संबोधन में अतिथियों ने कॉलेज द्वारा उठाए गए इन ऐतिहासिक कदमों की सराहना की और इसे संपूर्ण क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताया.कहा कि उद्घाटन न केवल कॉलेज की प्रगति को दर्शाता है, बल्कि शिक्षा, तकनीक, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण के नए युग की शुरुआत भी करता है. इन प्रयासों से न केवल छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा बल्कि यह संस्थान एक मिसाल बनकर उभरेगा.छात्र-छात्राओं और युवाओं की फिटनेस को प्राथमिकता देते हुए एक मॉडर्न ओपन जिम की शुरुआत की गई है. इस जिम में अत्याधुनिक फिटनेस उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं.जिससे विद्यार्थी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकें और एक ऊर्जावान जीवनशैली अपना सकें.कॉलेज प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान चलाया गया. इस अभियान के तहत परिसर में पाँच नए पेड़ लगाए गए. जो प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा देंगे.तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करते हुए कॉलेज में फ्री वाई-फाई सुविधा शुरू की गई. जिससे छात्र-छात्राएं बिना किसी बाधा के ऑनलाइन अध्ययन कर सकेंगे. साथ ही एक उन्नत कंप्यूटर लैब का उद्घाटन भी किया गया.जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा.महिला छात्राओं की जरूरतों को समझते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह के विशेष प्रयास से मदर केयर सेंटर की स्थापना की गई. यह केंद्र खासतौर पर उन छात्राओं के लिए बनाया गया है.जो मातृत्व के दौरान अपने शिशुओं को सहजता से स्तनपान करा सकें. यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी.प्राकृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में राजमहल पहाड़ी फॉसिल संग्रहालय की स्थापना की गई. यह संग्रहालय क्षेत्र की भूगर्भीय विशेषताओं और प्राचीन जीवाश्मों के बारे में जानकारी प्रदान करेगा. जिससे छात्र-छात्राओं और शोधकर्ताओं को लाभ मिलेगा.धन्यवाद ज्ञापन डॉ विवेक महतो ने किया.कार्यक्रम का संचालन डॉ रमजान अली ने किया.मौके पर डॉ अमित कुमार, डॉ अरविन्द पांडे सहित सभी कॉलेज कर्मी उपस्थित रहे.

## तिलका मांझी की प्रतिमा का अनावरण



बोरियो- साहिबगंज जिले के बोरियों प्रखंड क्षेत्र के बास्को बेडो में बाबा जाबरा पहाड़िया उर्फ तिलका मांझी की प्रतिमा का अनावरण मंगलवार को सरदार मरकुस मालतो, सरदार सिमोन मालतो, गोड्डा जिला सरदार मैसा पहाड़िया ने किया.वही मौजूद लोगो ने बाबा जाबरा पहाड़िया उर्फ तिलका मांझी की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित किया.मौके पर सरदार मरकुस मालतो, सरदार सिमोन मालतो, गोड्डा जिला सरदार मैसा पहाड़िया, नायब चान्दु पहाड़िया, नायब सुरजा पहाड़िया, सदस्य छोटा बबलू पहाड़िया, कवडा सरदार मैसा पहाड़िया, अबड़ा बेडो मंडरो सरदार फागु पहाड़िया, चतरा मंडरो नायब गांगू पहाड़िया, ताड़ा मंडरो नायब मंगला पहाड़िया, केरूगोडा नायब छोटा मैसा पहाड़िया, पड़सो नायब मैसा पहाड़िया, अदरो मंडरो नायब चमरा पहाड़िया, सहारा नायब चान्दु पहाड़िया कोमोदरी सदस्य मदिया पहाड़िन, बास्को बेडो सदस्य सुरजी पहाड़िन, बास्को बेडो सदस्य मधु पहाड़िया, बास्को बेडो सदस्य सुरजी पहाड़िन, कारू सदस्य जोहन पहाड़िया सहित अन्य मौजूद थे.

## अपहरण मामले का आरोपी गिरफ्तार

उधवा- राधानगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने अपहरण मामले में मंगलवार को आरोपी सदिकुल शेख को गिरफ्तार किया है. थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि थाना कांड संख्या 85/25 के नामजद आरोपी सदिकुल शेख के विरुद्ध शादी के नियत से अपहरण किए जाने का आरोप है. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए देर रात्रि छापेमारी टीम गठित की गई थी. जहां छापेमारी के दौरान आरोपी सदिकुल शेख को उसके घर से गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार किए गए आरोपी को चिकित्सा जांच के उपरांत मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. छापेमारी में थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, एसआई हसनैन अंसारी, एसआई गंगा प्रसाद यादव और एएसआई मनोज कुमार पासवान शामिल थे.

## शांति समिति की बैठक मे बोले एसडीओ होली प्यार व भाईचारा का पर्व

साहिबगंज -नगर थाना परिसर में मंगलवार को सदर एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई .एसडीओ अंगारनाथ ने कहा कि जिला के गणमान्य लोग व बुद्धिजीवियों पुरोहित के अनुसार 13 मार्च की रात्री को होलिका दहन होगा. 15 मार्च को जिला में होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाएगा. 13 मार्च से 15 मार्च तक सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी.होलिका दहन करने वाले पर्याप्त मात्रा में पानी और बालू रखे,.ज्वलनशील जगह ओर ज्वलनशील सामग्री आसपास न रखे. शांतिपूर्ण वातावरण में होली का त्यौहार मनाएं. जबरदस्ती या फेंककर किसी को रंग गुलाल न लगाएं .ह

## महिला ने मारपीट कर छिनतई करने का लगाया आरोप, दी थाना मे आवेदन

साहिबगंज- साहिबगंज धगर के गोडाबाड़ी हाट रोड की रहने वाली महिला सबिता देवी ने अपने दामाद, बेटी, नाती, नतनी व उसके ड्राइवर पर मारपीट कर सामान छीनने का आरोप लगाते हुए जिरवाबाड़ी थाना में आवेदन दी है. पुलिस को दिए आवेदन में महिला ने आरोप लगाई है कि उनके दामाद डॉ अजय कुमार, उसकी पत्नी कल्पना सिंह, बेटी खुशबू सिंह, सृष्टि सिंह, पड़ोसी मोना कुमारी और उसका बेल पर बाहर निकला. ड्राइवर शिवम कुमार तांती ने सबिता देवी, उसकी भगनी कुसुम देवी और दाई सुशीला देवी के साथ मारपीट कर उसके कपड़े फाड़ दिए और कान की बाली, मंगलसूत्र और एक मोबाइल छीन लिया और सभी को कमरे में बंद कर चले गए. मारपीट की घटना के बाद वे किसी तरह थाना से संपर्क स्थापित किया तो थाना से पुलिस कर्मी आकर उन्हें छुड़ाया. जहां महिला सबिता देवी ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है. पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है.

## हास्य कवि सम्मेलन, बहुरूपिया प्रतियोगिता कार्यक्रम आज

साहिबगंज- साहित्य की दुनिया राष्ट्रीय साहित्यिक मंच के द्वारा शहर के अयोध्या धाम में हास्य कवि सम्मेलन बहुरूपिया प्रतियोगिता और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. मंच के अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार शाम 5 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत हो जाएगी. इस कार्यक्रम में शहर के हास्य व्यंग कवियों के अलावा बनारस के साहित्यकार लिटिल विश्वास भी भाग ले रहे हैं.उन्होंने बताया कि इस अवसर पर बहुरूपिया प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है.जिसमें शहर के कलाकारों के द्वारा विभिन्न रूपों में अपने आप को प्रदर्शित किया जाएगा जिस पर पुरस्कार भी दिया जाएगा.इस अवसर पर होली के रंगों का आनंद शब्दों के साथ-साथ गुलाल से भी लिया जाएगा. कार्यक्रम को लेकर गोपाल श्रीवास्तव गोपाल चोखानी, सुधीर श्रीवास्तव, आनंद मोदी के साथ-साथ मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री और समाजसेवी बजरंगी प्रसाद यादव लगे है.

## साहिबगंज के किसानों ने भागलपुर में किया इंटर स्टेट एक्सपोजर विजिट




साहिबगंज -जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा के निर्देशानुसार आत्मा समिति सहाय अनुदान योजना के तहत जिले के 45 किसानों को बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर में आयोजित किसान मेला सह वैज्ञानिक सम्मेलन में परिभ्रमण कराया गया.एक्सपोजर विजिट का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, नई फसलों और आधुनिक खेती के तरीकों से अवगत कराना था. जिससे वे अपने जिले में भी इन तकनीकों को अपनाकर कृषि उत्पादन में वृद्धि कर सकें. इस दौरान किसानों ने विभिन्न प्रदर्शन स्टॉलों पर जाकर जैविक खेती, नवीनतम बीज किस्मों, उन्नत कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक पद्धतियों की जानकारी प्राप्त की.परिभ्रमण के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य, जल प्रबंधन और फसल सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया. किसानों ने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया और विभिन्न उन्नत तकनीकों को सीखने के प्रति रुचि दिखाई.कार्यक्रम से प्रेरित होकर किसान अब अपने जिले में भी उन्नत तकनीकों को अपनाने के लिए तैयार हैं.जिससे क्षेत्र में कृषि विकास को बढ़ावा मिलेगा.

## एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस की प्रशिक्षण व लंबित आंकड़ों का सत्यापन

साहिबगू-पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर बोरियों थाना, बरहेट थाना व रांगा थाना परिसर में एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस का प्रशिक्षण व मामले से संबंधित आंकड़ों का सत्यापन की समीक्षा की गई. मुख्य रूप से प्रशिक्षक के तौर पर आईआरएडी प्रबंधक मनोज कुमार के द्वारा संबंधित थाना प्रभारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया. एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस को लेकर प्रशिक्षण दिया गया. मुख्य रूप से आईआरएडी,ईडीएआर के तत्वाधान में सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला के तीन थाना प्रभारी व केस के आईओ के साथ ऑन दा स्पॉट डेटा एंट्री कराया गया. जिला के बोरियो थाना के क्षेत्र में पूर्व में हुई एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस से संबंधित मामले में लंबित मामलों को लेकर प्रशिक्षण उपरांत लंबित आंकड़ों का सत्यापन कराया गया. इस क्रम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी केस के आईओ व मनोज कुमार ज़िला आईआरएडी प्रबंधक एनआईसी साहिबगंज उपस्थित थे.

## शादी की नीयत से युवती को भगाने के मामले में मामला दर्ज

**उधवा।** शादी की नियत से बहला फुसलाकर युवती को भगा ले जाने के मामले में राधानगर थाना में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई है. मामला राधानगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है. मामले में युवती के पिता ने मंगलवार को थाना में एक लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया. पुलिस को दिए गए आवेदन में उन्होंने उधवा प्रखंड क्षेत्र के कटहलबाड़ी निवासी एक लड़की को शादी के नियत से भगाने के मामले में सारिफुल सेख उर्फ सादिकुल सेख, मकसूद शेख, फिरोजा बीबी, दानेश शेख के विरुद्ध राधानगर थाना कांड संख्या-82/25 दर्ज किया गया है. पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है.

## छः वर्षीय नायाब आफरीन ने रखी माहे ए रमजान की रोजा



**साहिबगंज।** माहे ए रमजान चल रहा है.इस पाक माह में हर कोई नेकी करना चाह रहा है. मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोग रमजान का रोज रख कर पांच वक्त का नमाज अदा कर रहे है.बड़ो को ऐसा करते देकर अब तो बच्चे भी नेकी के कार्य करते हुए रोजा रखने मे पीछे नही रह रहे है.राजमहल अनुमंडल क्षेत्र के तीनपहाड़ की रहने पप्पु अंसारी की छः वर्षीय पुत्री नायाब आफरीन भी रोजा रख कर अल्लाह को खुश करने की कोशिश कर रही है.और गरीबो की मदद भी कर रही है.मिली जानकारी के अनुसार नायाब आफरीन कक्षा वन की छात्रा है.नायाब आफरीन की खास बात यह है कि वह रोजा रखने के साथ-साथ पांच वक्त की नमाज भी अदा कर रही है.नायाब आफरीन ने बताई कि मुझे रोजारखने मे अल्लाह की दुआ से किसी भी प्रकार की दिक्कत नही होती है.रोजा रखने से मन को सन्तुष्टि मिलती ही है. साथ ही रोजा रख कर अल्लाह की इबादत करती हूं.

## एक दिवसीय कृषि मेला मे किसानों को मिला नई तकनीक और अवसरों का मंच



**साहिबगंज ।** आत्मा समिति सहाय्य अनुदान योजना के तहत राजमहल प्रखंड परिसर में अंतिम एक दिवसीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन मंगलवार को किया गया. मेले में राजमहल, उधवा और तालझारी प्रखंडों के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया.कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजमहल गुड्डु राजा, प्रमुख लक्ष्मी उरांव, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजमहल मो. यूसुफ, जिला उद्यान पदाधिकारी साहिबगंज, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ साहिबगंज, जिला परिषद सदस्य अब्दुल बारीक, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अनीसुर रहमान द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया.जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में उन्नति के लिए तकनीकी नवाचारों को अपनाना बेहद जरूरी है. यह मेला किसानों को आधुनिक तकनीकों, जैविक खेती और उद्यानिकी से जोड़ने का एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है.विधायक प्रतिनिधि गुड्डु राजा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि मेले किसानों के लिए नई तकनीकों, जैविक खेती एवं उद्यानिकी में उन्नति के अवसर प्रदान करते हैं. इस तरह के आयोजन हर मौसम में होने चाहिए. जिससे किसानों को लगातार नई जानकारियाँ मिल सकें.जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने कहा कि किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के दौर में किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की जरूरत है. यह मेला किसानों को कृषि यंत्रीकरण, जैविक खेती, उद्यानिकी, मत्स्य पालन और अन्य नवीन तकनीकों से अवगत कराने का सुनहरा अवसर है.उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि किसानों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए जागरूक रहना होगा.अतिथियों ने कृषि उपकरण, तकनीकी नवाचार, जैविक उत्पाद, फसलों, फलों, फूलों और सरकारी योजनाओं के स्टालों का जायजा लिया. उन्होंने विशेषज्ञों और स्टाल संचालकों से संवाद कर किसानों की जरूरतों और उनकी उपयोगिता पर चर्चा की.जिला परिषद सदस्य अब्दुल बारीक ने असर्वेक्षित भूमि के किसानों के लिए भी योजनाओं के विस्तार की मांग की.मेले में किसान समृद्धि योजना के तहत सोलर पंप सेट का प्रदर्शन किया गया. जिससे किसान खासे उत्साहित नजर आए. प्रदर्शनी में जैविक उत्पाद, स्थानीय सब्जियों और फलों की विभिन्न प्रजातियों को प्रदर्शित किया गया। विशेषज्ञों ने किसानों को फसलों के संरक्षण और उत्पादन बढ़ाने की नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया.संगोष्ठी में वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को पॉलीहाउस तकनीक, जल संरक्षण, सूक्ष्म सिंचाई और मशरूम उत्पादन जैसी उन्नत तकनीकों की जानकारी दी.किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सरकारी योजनाओं का सही लाभ उठाकर हमने अपनी पैदावार में वृद्धि की है.कृषि विभाग के पदाधिकारियों ने किसान समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी दी.किसानों को इन योजनाओं की आवेदन प्रक्रिया, अनुदान और लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया.मेले में शामिल किसानों ने इसे बेहद लाभकारी बताया. एक किसान ने कहा ऐसे मेलों से हमें नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं को समझने का मौका मिलता है.

## विधायक प्रतिनिधि ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**साहिबगंज-** बरहरवा प्रखंड स्थित पाकुड़ विधायक के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जनता दरबार के माध्यम विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण एवं नगर पंचायत के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुने.मौके पर विधानसभा क्षेत्र के चंदनपुर,माधोपाड़ा,विनोदपुर, मधुआपाड़ा,तलबड़िया,उधवा,डोमपाड़ा, बरारी,यादवनगर,पलासबोना,मयूरकोला आदि ग्रामों के लोगों ने पीएम आवास, अबुवा आवास की राशि भुगतान से संबंधित,मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि न मिलने से संबंधित,जाति आय निवास से संबंधित, बिजली से संबंधित,पेंशन से संबंधित, गुरुजी क्रेडिट कार्ड आदि से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे. शिकायतों को सुनकर बरकत खान ने अधिकारियों से वार्तालाप कर कुछ समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयास किये .शेष समस्याओं का जल्द निदान हेतु संबंधित पदाधिकारीयों को निर्देश दिए गए.वही जनता उच्च विद्यालय ग्वालखोर के हेड मास्टर मुस्ताक अहमद एवं सहायक मास्टर जहांगीर ने विद्यालय में शेड निर्माण हेतु विधायक प्रतिनिधि बरकत खान को आवेदन दिया. मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष रंजीत टुडू,प्रखंड महासचिव नेहाल अख्तर,अनारूल खान, गणेश शाह,तपेश्वर शाह, विक्की कर्मकार, धर्मेंद्र साह,मोहसिन सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

## अमेरिका के शेयर बाजार में हड़कंप, 16 साल बाद अमेरिका से सस्ता भारतीय बाजार

दुनिया के देशों में आर्थिक मंदी का तूफान शुरू हो गया है। आने वाले कुछ ही महीनों में यह तीव्र गति से आगे बढ़ेगा। अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट का दौर शुरू हो गया है। नैस्डेक कंपोजिट 4.25 फ़ीसदी, डाउ जॉन्स 1.83 फ़ीसदी, एसडीपी 500 2.75 फ़ीसदी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। टेस्ला के शेयर 13.75 फ़ीसदी गिर गए हैं। एनवीडीया के 5.5 फ़ीसदी, एप्पल के 5.78 फ़ीसदी, गूगल के 5.18 फ़ीसदी, मेटा के 5.58 फ़ीसदी तथा गोल्डमैन सैश के 5.97 फ़ीसदी गिरावट के साथ शेयर बाजार में कारोबार हुआ है। अमेरिका के लिस्टेड शेयरों में काफी बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हतप्रभ हैं। उन्हें समझ ही नहीं आ रहा है, शेयर बाजार की इस गिरावट को लेकर वह क्या बोलें। इसी तरह से भारतीय शेयर बाजार में पिछले 6 माह से लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। भारतीय शेयर बाजार 19 साल बाद अमेरिकी शेयर बाजार से सस्ते हो गए हैं। 2009 के वैल्यूएशन के अनुसार पहली बार डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल का एवरेज भारतीय शेयर बाजार पिछले 1 साल में 21.8 गुना कारोबार कर रहा है। जबकि डाउ जॉन्स 22.4 गुना कारोबार कर रहा है। भारतीय शेयर बाजार को थामने के लिए सरकार और वित्तीय संस्थाओं द्वारा पिछले कुछ समय पहले जो प्रयास किए गए थे। वह सब शेयर बाजार की गिरावट मे पूंजी डालने के कारण जिस तरह कीचड़ में पानी डालने से कीचड़ बढ़ता है। शेयर बाजार में पूंजी डालने के कारण जो पैसा शेयर बाजार में डाला गया, वह भी बिकवाली के कारण बाजार से निकल गया। विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार से लगातार बिकवाली कर रहे हैं। अक्टूबर 2024 के बाद से विदेशी निवेशकों ने भारत में फाइनेंशियल सर्विसेज, आयल ऐंड गैस, ऑटोमोबाइल, एमएफजी, कंज्यूमर सर्विसेज, कंस्ट्रक्शन और पावर सेक्टर में लगातार बिकवाली की है। विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर 2024 के बाद से अभी तक 2 लाख करोड़ से ज्यादा की बिकवाली की है। भारतीय शेयर बाजार में लार्ज मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों की बड़े पैमाने पर बिकवाली शुरू हो गई है। देसी निवेशक भी शेयर बाजार से भयभीत हैं। वह भी अपने शेयर बेचकर बाहर निकलना चाहते हैं। स्मॉल कैप और मिड कैप के शेयर अपनी फेस वैल्यू पर पहुंच रहे हैं। जिसके कारण देसी निवेशकों का हौसला पूरी तरह से टूट गया है। अमेरिका से शुरू हुए टैरिफ बार ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को तहश-नहश करने का काम किया है। आर्थिक मंदी के इस दौर में अमेरिका ने जो टैरिफ़ बार शुरू किया है, उसका खामियाजा अब अमेरिका को भी भुगतना पड़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार एलन मस्क को ऐसा खामियाजा भुगतना पड़ेगा, इसका एहसास तो उन्हें भी नहीं रहा होगा। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार सारी दुनिया के देश इस समय कर्ज की समस्या से जूझ रहे हैं। कर्ज के कारण दुनिया भर के आम आदमी से लेकर दुनिया की सभी सरकारें कर्ज और ब्याज से परेशान हैं। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया की तर्ज पर, पिछले 30 सालों से कर्जा लेकर घी पीने की पूंजीवादी अर्थव्यवस्था समाप्त होने की कगार पर है। दुनिया के देशों में महंगाई-बेरोजगारी की समस्या दिनों-दिन बढ़ती ही चली जा रही है। जिसके कारण सरकारों के खिलाफ आम जनता नाराज होकर सड़कों पर आने लगी है। निम्न एवं मध्यम वर्ग के पास खर्च करने के लिए पैसा नहीं है, जिसके कारण औद्योगिक उत्पादन भी घटता चला जा रहा है। दुनिया भर की सरकारों ने पिछले 30 सालों में बहुत टैक्स बढ़ाया है। पिछले 30 वर्षों में सरकारों ने अपने खर्च भी बढ़ाए थे। अब कर्ज नहीं मिल रहा है।

# राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव की सफलता ने बढ़ाई उम्मीदें

**शत्रुघ्न प्रसाद**





देवघर में बहुचर्चित तीन दिवसीय राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव, 2025 का सुखद मोड़ पर समापन हुआ। इसमें उम्मीद से बेहतर प्रस्तुतियाँ हुई। कहावत है न कि अंत भला तो सब भला । महोत्सव की अंतिम प्रस्तुति थी हिन्दी फिल्मों के लोकप्रिय गायक जावेद आली का गायन। उनका साथ दिया था गायिका कीर्ति किल्लेदार ने। बाकी दिनों में कई अच्छे कार्यक्रम हुए। महोत्सव का उदघाटन दीप प्रज्ज्वलित कर सुदिव्य कुमार, मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग व पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग ने क्या तो अवसर पर दुमका सांसद नलिन सोरेन, देवघर विधायक सुरेश पासवान, सारठ विधायक उदय शंकर सिंह, जिला परिषद की अध्यक्ष किरण कुमारी, संथाल परगना कमिश्नर लालचंद डाडेल आदि उपस्थित थे। अपने सम्बोधन में सुदिव्य कुमार ने कहा कि राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव राज्य की समृद्ध, सांस्कृति और धार्मिक विविधता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि महोत्सव को आने वाले सालों में और भी भव्य तरीके से मनाया जायेगा। उन्होंने महाशिवरात्रि एवं शिव बारात के सफल आयोजन पश्चात राज्य सरकार द्वारा राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव जैसे आयोजनों से बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर को पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बनाया जाएगा। आने वाले दिनों में राजकीय श्रावणी मेला का और भव्य आयोजन राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर ने मंत्री सुदिव्य कुमार को शॉल व स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया। साथ ही वरीय अधिकारियों द्वारा सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

महोत्सव की शुरूआत गणेश वंदना के साथ की गयी। उसके बाद सुमित दास द्वारा महादेव के रूप डमरू वादक से जुड़ी प्रस्तुति, महालक्ष्मी देवी ग्रुप के द्वारा कत्थक नृत्य, मानसी तिवारी द्वारा भजन, पल्लवी रॉय द्वारा भरत नाट्यम, भोजपुरी लोकगायन चंदन तिवारी, छउ नृत्य कला केन्द्र सरायकेला द्वारा छउ नृत्य की प्रस्तुतियाँ हुई । अंत में बॉलीवुड रॉकस्टार रितुराज तिवारी ने फिल्मी गीतों को प्रस्तुत किया।

दूसरे दिन भजन, शास्त्रीय गायन, मैथिली लोक गायन, तबला वादन, तांडव नृत्य, पारंपरिक संथाली नृत्य , शिव तांडव नृत्य, असमिया रंगीला संथाली नृत्य, राजस्थानी लोकनृत्य एवं देशभक्ति गीत आदि कि प्रस्तुतियाँ हुई। उसके बाद दो मनमोहक कार्यक्रम हुए राष्ट्रीय स्तर का कवि सम्मेलन, जिसमें गीतेश गीत, घनश्याम अग्रवाल, प्रताप फौजदार, मनिका दुबे और जॉनी बैरागी थे । ये सारे कवि राष्ट्रीय काव्य मंचों के सुपरचित और चर्चित कवि हैं , उसी के अनुरूप उनकी प्रस्तुतियाँ भी थीं। और अंत में मूल रूप से सारठ के निवासी और मुंबई में स्थापित सिद्धार्थ गौतम ने अपने सूफी गायन से सबका मन मोहा।

राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव, 2025 के तीसरे और अंतिम दिन विभिन्न सांस्कृतिक एवं लोककला से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अंजना देवी ग्रुप द्वारा ठुमरी, स्थानीय गायक कलाकार मनोज व अजीत के गायन, रेणु खवाड़े द्वारा भजन एवं फिल्मी गीतों के गायन की प्रस्तुतियाँ हुई।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रमिला यादव, बी.एल.ओ को चुनाव के दौरान उत्कृष्ट कार्य, इनर व्हील क्लब, देवघर को समाजसेवा, डॉक्टर रीता ठाकुर , सोनी कुमारी, खिलाड़ी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता, 2024 में झारखण्ड का लॉन बॉल में प्रतिनिधित्व किया, अनिला सिस्टर, संत फांसिस विद्यालय जसीडीह, देवघर, शिक्षिका बिसु किरण, कार्यक्रम कि मंच संचालक राजश्री एवं मीनाक्षी के अलावा प्राचार्य आर के मिशन विद्यापीठ स्वामी डॉ दिव्यशुद्धानंद , फादर अब्राहम प्राचार्य, संत फांसिस विद्यालय, देवघर को सम्मानित किया गया।

और अंत में जिनकी लोगों को बेसब्री से इंतज़ार था। जिन्होंने दो दिनों दर्शकों की कमी पूरी की, वे थे हिन्दी फिल्मों और संगीत प्रतियोगिताओं के जज जावेद अली। के के एन स्टेडियम खचाखच भर गया था। हालांकि शुरुआत उनके साथ आयीं कीर्ति किल्लेदार ने की। लेकिन जब जावेद आए तो दर्शकों को अपने साथ जोड़ कर ऐसे अधिकांश लोकप्रिय गाने गाए ही, महादेव स्तुति भी की और मोहम्मद रफी के गीतों को भी पेश किए। दो - ढाई घंटे का उनका सत्र कैसे खत्म हुआ, पता ही नहीं चला।

जैसा कि शुरुआत में मैंने कहा कि अंत भला तो सब भला। लंबे अंतराल के बाद बैद्यनाथ महोत्सव आयोजित हुआ। जिला प्रशासन की इस पहलकदमी से देवघर के लोग निश्चित ही प्रसन्न होंगे। बाहरी और स्थानीय कालकारों अच्छा संयोजन देखने को मिला। स्कूली बच्चो को भी मंच दिया गया । हाँ, कार्यक्रम की रूपरेखा बनाते वक़्त समय का ख्याल नहीं रखा गया, जिसके कारण कई अच्छे कलाकारो को पर्याप्त समय नहीं मिला। अगर दो कार्यक्रमों के अंतराल का ख्याल रखा जाता तो दो बातें होती कि या तो कलाकार कम किए जाते या दिन बढ़ाए जाते। इससे कलाकारों को भी मौका मिलता और दर्शकों को ज्यादा आनंद मिलता।

## पाकुड़ की खबरें

## अवैध खनन - भंडारण पर दर्ज करें प्राथमिकी, लगाए अर्थ दंड : डीसी

**पाकुड़।** रविन्द्र भवन टाउन हॉल में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक की गई । उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर टास्क फोर्स की टीम को अभियान चलाकर छापेमारी करते हुए संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। खनन माफियाओं पर नकेल कसने और जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण की समीक्षा की गयी। साथ ही, प्रदूषण विभाग को सीटीओ में दिये गये शर्तों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जांच करने का निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। संलिप्त व्यक्तियों पर अर्थ दंड लगाए व प्राथमिकी दर्ज करना सुनिश्चित करें।

## पंचायत सहायक संघ की एक बैठक



फतेहपुर (जामताड़ा )। प्रखंड क्षेत्र के डिग्री कालेज के बगल मैदान में मंगलवार को पंचायत सहायक संघ की एक बैठक सूरज टुडू की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। सर्वप्रथम पंचायत स्वयंसेवक के नाम को बदलकर पंचायत सहायक किया गया और इसकी जानकारी सभी पंचायत सहायक सदस्यों को दी गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए प्रखंड कमेटी का पूर्ण गठन करते हुए अध्यक्ष के रूप में दामोदर यादव, सचिव लाल बहादुर रजक व कोषाध्यक्ष रूपा कुमारी दत्त को चुना गया। इसके अलावे उपाध्यक्ष काली प्रसाद अधिकारी, उप सचिव पिंटू कुमार यादव, उपकोषाध्यक्ष मोहनानंद यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष अलावती हेम्ब्रम, सचिव महासुरी टुडू, संगठन मंत्री संतोष पंडित व नीलांबर यादव मीडिया प्रभारी बनाये गए। मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष को फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया। इस मौके पर कई पंचायत के पंचायत सहायक सदस्य उपस्थित रहे।

## रथमेला मैदान में 13 मार्च होगा होलिका दहन

पाकुड़ ।13 मार्च को रथ मेला मैदान में अति उत्साह और धूमधाम के साथ होलिका दहन मनाया जाएगा। उक्त जानकारी सत्य सनातन संस्था के अध्यक्ष रंजित कुमार चौबे ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी । उन्होंने कहा कि सत्य सनातन संस्था विगत छः वर्षों से होलिका दहन प्रत्येक वर्ष पाकुड़ नगर के रथ मेला मैदान में दिनांक - 13 मार्च 2025 को संध्या 04 बजे से होली मिलन समारोह , संध्या 06 बजे से होलिका दहन का कार्यक्रम भव्य रूप से वैदिक पूजा - पद्धति एवं मंत्रोच्चारण के साथ किया जायेगा। जिसमें गाना - बजाना भी होगा, रंजित चौबे ने ये भी कहा कि ये कार्यक्रम एक धार्मिक कार्यक्रम है। सनातन धर्म में होलिका दहन का एक अलग ही महत्व है, इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक सनातनियों को भाग लेना चाहिए और लाभान्वित होना चाहिए।

## हिरणपुर के पिंटू चौधरी ने किया रक्तदान

हिरणपुर (पाकुड़) कमलघाटी के डायलिसिस मरीज को बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। परिवार वालो ने हिरणपुर के युवाओं से संपर्क किया। तत्पश्चात हिरणपुर युवाओं के पहल पर हिरणपुर निवासी पिंटू चौधरी रक्तदान के लिए तैयार हों गया और उन्होंने कहा घबराने का कोई बात नहीं।हिरणपुर में बहुत युवा मौजूद है मदद करने के लिए। साथ ही ब्लड बैंक जाकर उन्होंने अपना बी पॉजिटिव रक्तदान कर मरीज को जीवनदान देने का नेक काम किया। फिलहाल परिजन को रक्त मिल जाने से हिरणपुर युवाओं के प्रति आभार जताया। वहीं पिंटू चौधरी ने कहा रक्तदान करके मुझे बहुत अच्छा लग रहा है इससे पहले भी कई बार रक्तदान किया हू, आगे भी रक्तदान करता रहूंगा,मौक़े पर नवीन, आलोक, पीयूष, आदी मौजूद थे।

## झारखंड विकास परिषद ने महिलाओं को उनके अधिकार के लिए किया जागरूक



**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)** झारखंड विकास परिषद द्वारा मंगलवार को डुमरचिर पंचायत भवन में महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक करने, उन्हें सम्मान देने तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत की मुखिया रामी पहाड़ीन, संस्था सचिव सुभासनी सोरेन, ग्राम प्रधान होपोनमय मुर्मू, वार्ड सदस्य पानमुनी मरांडी, महिला किसान समिति की अध्यक्ष सुमिता मरांडी, सेविका सोरेन एवं एसएचजी की अध्यक्ष बसंती मरांडी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था सचिव सुभाषणी सोरेन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता व सशक्तिकरण है, जो लैंगिक समानता की दिशा में तेजी से प्रगति करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। यह थीम महिलाओं को प्रभावित करने वाली सामाजिक बाधाओं और पूर्वाग्रहों को समाप्त करने के लिए त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाने की मांग करता है। वहीं डुमरचीर पंचायत की मुखिया रामी पहाड़ीन ने कहा कि महिलाओं की उन्नति के लिए प्रभावी रणनीतियों को अपनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने समुदायों और संगठनों से आह्वान किया कि वे महिलाओं के विकास को प्राथमिकता दें। एसएचजी की अध्यक्ष बसंती मरांडी ने कहा कि आज भी महिलाएं डायन प्रथा एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों का शिकार हो रही हैं। उन्होंने समाज से इन कुप्रथाओं को समाप्त करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सशक्तिकरण पर जोर देने वाले प्रेरणादायक स्लोगन प्रस्तुत किए जिनमें नारी अबला नहीं, सबला है, नारी के बिना पुरुष अधूरा है, नारी से ही घर पूरा है, नारी को अबला समझना भारी भूल है, नारी इस संसार में जीवन का मूल है। कार्यक्रम में पाडेरकोला, जड़ाकी एवं डुमरचीर पंचायत के 21 गाँवों से लगभग 200 महिलाओं ने भाग लिया। जिसमें मनोरंजन सिंह, जसिंता मिंज, मिनी सोरेन, अनीता मरांडी, मर्टिना हेम्ब्रम, फुलमूनी सोरेन, सुहागिनी मरांडी, अजय मुर्मू, साइमन, प्रेम, किरानी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## दो दिनों से लावारिश अवस्था मे पड़ा है ट्रैक्टर

हिरणपुर (पाकुड़ )थाना क्षेत्र के दुलमी गांव के सड़क किनारे स्थित खाई में दो दिनो से एक ट्रैक्टर लावारिश अवस्था मे पड़ी हुई है। वही स्थानीय लोगो को भी इस ट्रेक्टर को लेकर कोई जानकारी नही है। ग्रामीणों ने आशिला जाने वाले पथ के खाई में दुर्घटनाग्रस्त एक ट्रैक्टर को रविवार सुबह को देखा। ट्रेक्टर बिना नम्बर का है। वही ट्रेक्टर के डाला भी नही है। घटना के दो दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक इस ट्रेक्टर के चालक व मालिक नही आया। ग्रामीणों का कहना है कि किसका ट्रेक्टर है। कैसे दुर्घटना हुई। कोई पता नही चल पाया है। उधर पुलिस को भी इसकी कोई जानकारी नही है।

## एएसआई योगेन्द्र कुमार को एसआई पद पर प्रमोशन



पाकुड़ ।एसपी अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को एएसआई योगेन्द्र कुमार को एसआई पद पर प्रमोशन दिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार व पुलिस उपाधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने पदोन्नति पाए योगेन्द्र के कंधे पर स्टार लगाकर सम्मानित किया। कहा कि इस उपलब्धि ने जिम्मेदारियों को और बढ़ा दिया है। निष्ठा व पूर्ण ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन करने का निर्देश दिया। योगेन्द्र ने बताया कि 2017 में एएसआई पर पदस्थापित हुए थे।एस?आई पद तक पहुंचते पहुंचते 8 वर्ष लग गए। प्रोन्नति से बहुत खुश हैं।

## परिवार में शांति से होती है लक्ष्मी का वासः शालिनी त्रिपाठी

**नारायणपुर (जामताड़ा)** - प्रखंड के दक्षिणीडीह में आयोजित श्री मरूतिनंदन रुद्र महायज्ञ का समापन भव्य रूप से किया गया। यह महायज्ञ दो मार्च से प्रारंभ होकर नौ दिनों तक चला। प्रतिदिन यज्ञाचार्य धीरजकांत मिश्रा के नेतृत्व में मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ सम्पन्न हुआ, वहीं काशी से पधारी कथावाचिका मानस मयूरी शालिनी त्रिपाठी ने संगीतमय रामकथा का वाचन किया।अपने अंतिम दिन की कथा में शालिनी त्रिपाठी ने कहा कि जिस परिवार में शांति होती है, वहां लक्ष्मी का वास स्वयं होता है। ऐसे परिवार को फिर भगवान से कुछ मांगने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि सच्चे सुख के लिए परिवार में शांति आवश्यक है और इसे बनाए रखने के लिए मधुर वाणी और सद्भावना जरूरी है।उन्होंने विशेष रूप से भाषा की शुद्धता पर बल देते हुए कहा कि महिलाओं के सिर पर घूंघट से अधिक आवश्यक है कि उनके मुख पर घूंघट हो। अर्थात्, यदि वाणी में संयम होगा, तो परिवार में शांति बनी रहेगी।

## डीसी एवं एसपी ने की शांति समिति की बैठक, दिए निर्देश



**पाकुड़।** होली एवं रमजान शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहाद्र के साथ मनाये जाने को लेकर रविन्द्र भवन टाउन हॉल, पाकुड़ में उपायुक्त मनीष कुमार एल एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर उनके सुझावों को सुना । विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। सूचनाओं के आदान प्रदान को लेकर समाहरणालय परिसर में जिला कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा। सभी बीडीओ - सीओ को अपने क्षेत्र अन्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों में 24म7 एम्बुलेंस, आवश्यक जीवन रक्षक दवा इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त मनीष कुमार ने शांति समिति सदस्यों को आश्वस्त करते हुए युवा वर्ग को सचेत करते हुए कहा कि किसी भी तरह का भ्रामक खबर दूसरों को फॉरवर्ड नहीं करेंगे । जिससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो। जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रशासनिक तैयारी पूरी है। सभी चौक चौराहों में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल की निगरानी में नाकाबंदी रखेंगे । आपसी भाईचारे एवं हर्षोल्लास के वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, सोशल मीडिया पर किसी भी कंटेंट को जिम्मेदारी एवं समझदारी से अपलोड करें। सोशल मीडिया माध्यम से किसी भी तरह का फेक न्यूज आपके पास आए तो सबसे पहले नजदीकी थाना प्रभारी, बीडीओ, सीओ या जिला स्तर के पदाधिकारियों के स्तर से उसकी सत्यता की पुष्टि होने पर ही दूसरों को फॉरवर्ड करें।*मिलावटी मिठाई व रंग पर कसेगी नकेल* मिठाई व रंग में मिलावटखोरी पर नकेल कसने के लिए फूड सेफ्टी ऑफिसर, अवैध शराब बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को उन्होंने निर्देशित किया। मिलावटी रंग और मिठाई बची तो होगी सख्त कार्रवाई। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। नशापान कर वाहन चलाने वाले सचेत रहें। किसी को भी जबरदस्ती रंग नहीं लगायें, भड़काऊ गीत नहीं बजायें जिससे किसी की भी भावना आहत हो। हमारी नजर बराबर है ।अगर अश्लीलता फैलाए , हुडदंग की तो फिर पुलिस को अपना काम करना पड़ेगा।बैठक में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला परिवहन पदाधिकारी सजय पीएम कुजुर, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, मुख्यालय डीएसपी जितेंद्र कुमार, पाकुड़ एसडीपीओ डीएन आजाद, महेशपुर एसडीपीओ विजय कुमार, सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी तथा जिला के गणमान्य लोग अन्य मौजूद रहे।

## एसपी ने की मासिक अपराध गोष्ठी, होली व रमजान को लेकर दिए कई निर्देश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



पाकुड़ ।एसपी प्रभात कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दोरान एसपी ने होली, रमजान और इस्टर जैसे पर्व को देखते हुए सोसल मीडिया पर भी नजर रखने का दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्यालय डीएसपी जितेंद्र कुमार, पाकुड़ एसडीपीओ डीएन आजाद, महेशपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार एवं सभी पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी प्रयागराज व अन्य पुलिस निरीक्षक, थाना ओपी प्रभारी ,परिचारी प्रवर खुशी लाल महतो के साथ-साथ शाखा प्रभारी उपस्थित थे। एसपी ने समीक्षा करते हुए जिले में अवैध खनन,बालू , गिट्टी की अवैध ढूलाई ,मादक पदार्थ, सड़क सुरक्षा तथा डायन प्रथा जैसे कुरीतियों से निपटने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य अपराधों में कमी लाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। अपने-अपने थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना को कम करने के उद्देश्य से बिना हेलमेट में तेजी एवं लापरवाही से वाहन नहीं चलाने, मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही करने तथा नशीली मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने के संबंध में निर्देश दिये गये। गृहभेदन, चोरी, लूट से संबंधित कांडों की समीक्षा की गई। इसकी रोकथाम को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये।जमानत पर जेल से छूटे अपराध कर्मियों पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया। लंबित कांडों, जन शिकायत समाधान से संबंधित आवेदन पत्रों की समीक्षा की गई। साथ ही त्वरित निष्पादन के संबंध में निर्देश दिये गये। विभागीय कार्यवाही की अद्यतन स्थिति के साथ साथ अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिये गये। सभी थाना प्रभारी को गम्भीर किस्म के मामलों में अविलम्ब प्राथमिकी दर्ज करते हुए त्वरित अनुसंधान करने के संबंध में निर्देश दिया।अपने-अपने क्षेत्र में स्थान एवं समय बदल-बदल कर एंटी क्राइम वाहन चेकिंग चलाने एवं सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आमजनों के बीच समन्वय स्थापित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

## सड़क दुर्घटना में एक स्कूटी चालक हुआ घायल

फतेहपुर (जामताड़ा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर साहिबगंज स्टेट हाईवे मार्ग पर मंगलवार को फतेहपुर चौक के समीप सड़क दुर्घटना में एक स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल स्कूटी चालक का पहचान सुरजू हांसदा, उम्र करीब 18 वर्ष, पिता गणेश हांसदा, ग्राम अंगूठिया, थाना फतेहपुर का निवासी बताया जा रहा है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि युवक काफी तीव्र गति से अपने स्कूटी से जा रहा था। इसी दौरान फतेहपुर चौक के पास स्कूटी चालक अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रहे हैं एक अज्ञात बाइक से जा टकराया। जिससे स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया एवं स्कूटी भी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। स्कूटी संख्या जेएच 21 पी 2907 है। वही अज्ञात बाइक चालक घटनास्थल से फरार हो गया। दुर्घटना देखकर घटनास्थल पर काफी संख्या में भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को उठाकर सड़क के किनारे किया गया एवं फतेहपुर थाना को सूचित किया गया। सूचना पाकर फतेहपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवक को अपने चार पहिया वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले जाया गया। वही फतेहपुर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी को अपने कब्जे में ले लिया


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी खो़बो़र**

**सं.:सीओएम/पीयूबी/पीरओ/ई-ऑक्शन/2025 मा़हित: 10.03.2025 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य** प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड,आसनसोल, पिन-713301 होतेते अनुबंध एमो़क् ला़गित् ते आईआरईपीएसपोर्टल **www.ireps.gov.in** दाराय ते ई-नीलामी नेवतायेत् काना। बानाडायदो़ नोंका लेका मेनाक्आ:- **नीलामी रेयाक् श्रेणी:** वाणिज्यिकप्रचार (विज्ञापन); **ई-नीलामी कैटलॉग सं या: एडीवीटी-एएसएन-25-03; नीलामी एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़य:** 25.03.2025 हिलो़क्12.00 बजे। **स्टेशन/जायगा/ट्रेन नंबर आर एसएलआर रेयाक् ञुतुम:ओओएच:** (i) सिमुलतला रे: सिमुलतला स्टेशन रेयाक् उत्तरी दिगरेयाक् सर्कुलेटिंग टोठा रे। (ii) सिमुलतला रे: सिमुलतला स्टेशनरेयाक् दक्षिण दिग रेयाक् सर्कुलेटिंग टोठा रे। (iii) अंडाल रे:अंडाल स्टेशन रेयाक् बानार नाखा 12 लाइट पोस्ट। **आरडीएन:** (i)दुर्गापुर रे बुकिंग आ़फिस ठेन। (ii) दुर्गापुर रे: प्लेटफार्म नंबर1 खो़न 5 रे एफओबी कॉलम रे। (iii) पानागढ़ रे: पानागढ़ स्टेशनभितरी रे। **मो़ट 04 परिसंपत्तिको:** ओओएच संपतिको रेयाक् संख्या:03; आरडीएन संपत्तिको रेयाक् सं या: 03; जो़तो़ बोलीदाताको सोलहाएमावाको काना जे ओनको दो़ पुरा़उ बानाडाय दो़ **www.ireps.gov.in** रेचालाक्पे आर शेड्यूल लेकाते नोआ ई-नीलामी रे सेलेदो़क्पे। (ASN-373/2024-25)

टिका़ खो़बो़रको दो़ वेबसाइट www.ireps.gov.in/www.er.indianrailways.gov.in/ रे हों बेबो़सताआकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# अडानी से नहीं मिल रही राज्य को बिजली: प्रदीप यादव

गोड्डा ~ जिले में अडाणी पावर लिमिटेड द्वारा स्थापित पावर प्लांट को लेकर पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव द्वारा विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसमें भूमि अधिग्रहण, ऊर्जा नीति का उल्लंघन, कोयला आपूर्ति, तथा स्थानीय हितों की अनदेखी से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए।वहीं प्रस्ताव में प्रमुख बिंदु भूमि अधिग्रहण में अनियमितताओ को लेकर भूमि अधिग्रहण कानून 2013 का उल्लंघन बताया। कहा कि जमीन की कीमत को 46 लाख प्रति एकड़ से घटाकर 3.25 लाख और फिर 12.5 लाख प्रति एकड़ किया गया। वहीं कहा कि राज्य की बिजली आपूर्ति को नजरअंदाज किया गया। झारखंड ऊर्जा नीति-2012 के तहत राज्य को 25त्न बिजली देना अनिवार्य था, लेकिन पूरी बिजली बांग्लादेश को देने का समझौता किया गया। वहीं एसपीटी अधिनियम का उल्लंघन बताया। सार्वजनिक उद्देश्य के लिए आरक्षित भूमि को निजी कंपनी को हस्तांतरित किया गया।कहा कि स्थानीय विकास की अनदेखी की गई। कहा कि रैयतों से हुए समझौते के बावजूद स्थानीय लोगों को रोजगार, अस्पताल व स्कूल की सुविधाएँ नहीं दी गईं। कोयला आपूर्ति में शर्तों का उल्लंघन किया गया है जहां समझौते में ऑस्ट्रेलिया के कोयले से बिजली उत्पादन की बात थी, लेकिन बंगाल व अन्य राज्यों से कोयला लाया गया। वहीं वन, गोचर व श्मशान भूमि का अधिग्रहण पर भी सवाल उठाए गए जिसमें भूमि के बदले कोई पुनर्वास नहीं किया गया। वहीं सड़क व सिंचाई नहर पर कब्जा बताया गया जिसमें प्रभावित लोगों को समुचित मुआवजा दिए बिना सड़क व नहर की जमीन अधिग्रहण कर ली गई।इस पर सरकार ने स्वीकार किया कि झारखंड ऊर्जा नीति-2012 के तहत राज्य को 25त्न बिजली मिलनी चाहिए थी। 2016 में अडाणी पावर लिमिटेड के साथ हुए समझौते में यह प्रावधान था कि कंपनी 25त्न बिजली (400 मेगावाट) झारखंड को अन्य स्रोतों से उपलब्ध कराएगी, लेकिन यह आपूर्ति अभी तक नहीं की गई है। वहीं कोयले की आपूर्ति को लेकर सरकार ने बताया कि यह कोल माइंस (स्पेशल प्रोविजन) एक्ट 2015 के तहत तय किया जाएगा। अन्य आरोपों पर विभागीय स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। वहीं अडाणी पावर लिमिटेड द्वारा झारखंड ऊर्जा नीति और भूमि अधिग्रहण कानूनों के उल्लंघन को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। सरकार ने बिजली आपूर्ति में गड़बड़ी को स्वीकार किया, लेकिन अन्य आरोपों पर स्पष्ट जवाब नहीं दिया। विपक्ष ने उच्चस्तरीय जाँच और दोषियों पर कार्रवाई की माँग की है।

## झामुमो नगर समिति की हुई बैठक, नगर क्षेत्र में 20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य



गोड्डा ~ झारखंड मुक्ति मोर्चा नगर समिति की बैठक मुसाफिरखाना, चपरासी मोहल्ला में संपन्न हुई। वहीं बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष राजकुमार दास ने किया। बैठक में सर्वप्रथम नगर समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त जिला समिति के जिला अध्यक्ष प्रो. प्रेमनंदन कुमार, उपाध्यक्ष मुन्ना खुर्शीद, कोषाध्यक्ष महेंद्र उरांव वरिष्ठ नेता डॉक्टर कयूम अंसारी का फूल माला पहनकर और बुके देकर हार्दिक स्वागत किया। वहीं नगर कमेटी के पदाधिकारी का भी स्वागत और अभिनंदन वार्ड समिति के पदाधिकारी द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गोड्डा नगर अंतर्गत सभी 21 वार्डों में सदस्यता अभियान तीव्र गति से चलाया जाएगा। नगर के अंदर कम से कम 20000 सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि सभी 21 वार्डों में यथाशीघ्र पूर्ण वार्ड कमेटी का गठन किया जाएगा प्रत्येक वार्ड में 25 सदस्य होंगे जिसमें 9 पदाधिकारी होंगे और 16 सक्रिय सदस्य होंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रोफेसर प्रेमनंदन कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ता मिलकर एक ऐसा ठोस संगठन का निर्माण करें जिसका उदाहरण अन्य जिलों में दिया जा सके। उन्होंने कहा की झारखंड मुक्ति मोर्चा का संगठन सरकार और गरीब लोगों के बीच के कड़ी बनकर काम करेगा। नगर के अंतर्गत वास करने वाले रिक्शा चालकों, ठेला चालकों, दुकानदार भाइयों, व्यवसाईयों, मजदूरों, छात्रों सहित सभी धर्म और संप्रदाय के लोगों के हक और अधिकार की बातों को सरकार तक पहुंच करके लाभ दिलाने का काम संगठन करेगा। कार्यकर्ताओं को शक्तिशाली संगठन बनाने के लिए और कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए कई प्रकार के टिप्स भी दिया। बैठक में बारी-बारी से उपाध्यक्ष मुन्ना खुर्शीद, डॉ. कयूम अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र उरांव, नगर उपाध्यक्ष सुमन कुमार, नगर कोषाध्यक्ष देवीलाल मुर्मू ने अपनी अपनी बातों को रखा। कार्यक्रम का संचालन नगर समिति के सचिव फिरदौस आलम ने किया। कार्यक्रम में नगर के सभी 21 वार्डों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप से शहवाज, अंसारी, विवेक कुमार दास , शिव कुमार दुबे, श्रीपति मंडल, तबरेज आलम, असगरी बेगम, अंसार आलम, एम डी रहमान उपस्थित थे।

## चयन के अवसर पर अधिकारी



नारायणपुर(नारायणपुर)प्रखंड के पंदनी स्थित मिनी आंगनबाड़ी केंद्र पर मंगलवार को सहायिका का चयन किया गया।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी एमओ मुरली यादव, महिला पर्यवेक्षिका नियोति दास सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।इस अवसर पर कुलशुम का चयन सहायिका के रूप में किया गया।

## महगामा अनुमंडल में निर्वाचन कार्यों को लेकर बैठक आयोजित



महगामा प्रतिनिधि ~ महगामा अनुमंडल पदाधिकारी के कक्ष में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रखंड अध्यक्ष/सचिव ने हिस्सा लिया।बैठक में मुख्य रूप से छुटे हुए योग्य मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत मतदाताओं का नाम हटाने और नाम संशोधन के लिए विभिन्न प्रपत्रों के माध्यम से आवेदन करने का अनुरोध किया गया। निर्वाचन कार्यों में सुधार और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी उपस्थित नेताओं से सहयोग की अपील की गई। इस अवसर पर आलोक वरण केसरी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए सभी को सक्रिय रूप से योगदान देना होगा। साथ ही, उन्होंने समय पर सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने का आह्वान किया।

# नाबालिग को भगाने के आरोपित को सश्रम कारावास

**गोड्डा ।** विशेष न्यायाधीश पोक्सो सह जिला जज प्रथम कुमार पवन के न्यायालय ने शादी की नियत से नाबालिग को बहलाा-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप को सही पाकर देवदांड़ थाना क्षेत्र के बाघमारा निवासी रोहित मिर्धा को चार वर्ष सश्रम कारावास एवं 10,000 रूपये से दंडित किया गया। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर अतिरिक्त दो माह कारावास से दंडित करने का आदेश दिया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय के समक्ष आठ गवाहों का परीक्षण कराया गया। उभय पक्षों की दलील सुनने के उपरांत न्यायालय ने दोषी करार देते हुए चार वर्ष सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया। बीते एक दिसंबर 2023 को देवदांड़ थाना में दर्ज प्राथमिक में नाबालिग के पिता ने कहा था कि 29 नवंबर 2023 को उसकी 16 वर्षीया पुत्री शौच के लिए तीन बजे सुबह घर से निकली थी। बहुत देर तक घर लौटकर नहीं आने पर उसकी खोजबीन की जाने लगी। खोजबीन के दौरान 30 नवंबर 23 को पता चला कि रोहित मिर्धा ने उसकी पुत्री को शादी की नियत से बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इसके बाद कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

# होली में विधि व्यवस्था संधारण हेतु बरतें पूरी चौकसी: डीसी

संवाददाता

**गोड्डा ।** उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में आगामी होली पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं संबंधित थाना प्रभारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।




बैठक में होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी पदाधिकारियों के साथ विस्तार पूर्वक एक-एक कर सभी बिंदु पर जानकारी प्राप्त की गई एवं बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस पर्व की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी ,सभी अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्षों का कर्तव्य होगा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में होली के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस पर्व को संपन्न कराएं। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी को होली से पूर्व शांति समिति की बैठक आयोजित करने एवं पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया ताकि किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न ना हो पाए, साथ ही सभी थाना के थाना प्रभारियों को संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी करने का निदेश दिया गया। इसके अलावा अंचल अधिकारियों को डीजे संचालकों के आपत्तिजनक, अश्लील या विद्वेष फैलाने वाले गाने बजाने पर रोक लगाने, अवैध शराब बिक्रीपर प्रतिबंध लगाने, सोशल मीडिया पर विद्वेष फैलाने वाले पोस्ट को रोकने एवं ऐसे आपत्तिजनक संदेश भेजने वालों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाही करने एवं जिला संयुक्त आदेश के अधीन प्रतिनियुक्त सभी पुलिस सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कर्तव्य निर्वहन करने हेतु आदेशित किया गया। आगे उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता के लिए या आपात स्थिति में सूचना देने के लिए जिले स्तर पर कंट्रोल रूम में सूचना को साझा किया जा सकता है।बैठक में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने कहा कि होली पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो इसके लिए पूर्व से तैयारी करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने, विधि व्यवस्था बिगाड़ने के प्रयास करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता धारा 126 के तहत कार्रवाही करने एवं संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च करने का निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि जिला स्तर पर गठित साइबर सेल के माध्यम से सोशल मीडिया की सतत निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक सद्भाव में विघ्न उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरूद्ध विधिसम्मत प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## होली को लेकर परासी हाट में उमड़ी खरीददारों की भीड़



ठाकुरगंगटी संवाददाता ~ प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित पारसी चौक मोड़ हाट में होली पर्व को लेकर मंगलवार की संध्या महा जाम लग गई। इलाके के दर्जनों गांवों के लोग हाट में सामानों की खरीदारी करने आए थे। ग्रामीण श्रद्धालुओं के साथ-साथ दोपहिया चार पहिया वाहनों के पार करने के कारण लग गई। जाम संध्या चार बजे से सात बजे तक तीन घंटे लगी रही। युवा शक्ति संघ के साथ-साथ अन्य युवाओं, जागरुक ग्रामीणों, गणमान्यों और ठाकुरगंगटी थाना की पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद किसी प्रकार संध्या सात बजे के बाद जाम से छुटकारा मिला। दरअसल हाट लगने का बड़ा जगह नहीं रहने के कारण जाम लगते रहती है। साथ ही साथ हाट के दिन दोपहिया चार पहिया वाहन चालकों द्वारा बगैर कतार लगाए जिधर जिधर, जैसे तैसे गाड़ी खड़ी कर देने के कारण भी जाम लगते रहती है। खासकर विशेष पर्व त्यौहार या खास किसी अवसर पर इस चौक पर जाम लगते रहती है। प्रखंड क्षेत्र का यह सबसे प्रचलित परासी चौक है। इलाके के करीब आधे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से अधिक ग्रामीण इसी चौक होकर पार करते हैं। और इसी चौक पर बस, टेंपो पड़कर यात्रा करने के लिए भी आते हैं। साथ ही साथ दर्जनों गांवों के ग्रामीण इस चौक पर विभिन्न प्रकार की खरीदारी करने भी आते हैं। इन सभी जरूरी सुविधाओं की वजह से ही यहां जाम लगी रहती है।

## मध्याह्न भोजन योजना की रिपोर्ट नहीं आने से डीसी गंभीर, किया शोकॉज

गोड्डा ~ उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा जिला के सभी विद्यालयों के द्वारा एसएमएस के माध्यम से पी0एम0 पोषण शक्ति निर्माण (मध्याह्न भोजन) योजना के प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। वहीं समीक्षा के उपरांत पाया गया कि जिला के मध्याह्न भोजन योजना से आच्छादित कुल 1541 विद्यालयों में से 1417 विद्यालयों के द्वारा पूर्वाह्न 11~15 बजे तक बच्चों की उपस्थिति से संबंधित प्रतिवेदन एसएमएस के माध्यम से संप्रेषित नहीं किया गया। इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त के द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंड साधन सेवी, सभी संकुल साधन सेवी तथा सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण की मांग की गई तथा ससमय एसएमएस प्रतिवेदन नहीं भेजने वाले शिक्षकों का एक दिन का वेतन/मानदेय तत्काल प्रभाव से स्थगित किया गया। ज्ञातब्य हो कि छात्र-छात्राओं के बौद्धिक, शारीरिक एवं शैक्षणिक विकास हेतु पोषण युक्त आहार प्रदान करने के परिपेक्ष्य में प्रत्येक कार्य दिवस में विद्यालयों द्वारा अनिवार्य रूप से पूर्वाह्न 10 बजे तक एसएमएस के माध्यम से छात्रो की उपस्थिति संबंधित प्रतिवेदन प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु विद्यालयों द्वारा ससमय एसएमएस संप्रेषित नहीं किए जाने को उपायुक्त ने गंभीरता ले लिया है। इसे उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना, मध्याह्न भोजन योजना में लापरवाही बरतना तथा विद्यालय के गतिविधियों में अपेक्षित रुचि नहीं लिया जाना माना है।

## अंतरराष्ट्रीय सेल डे का आयोजन




मिहिजाम~ मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, जामताड़ा में परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्राओं और शिक्षिकाओं ने मिलकर सोशल इमोशनल लर्निंग कॉर्नर में अंतरराष्ट्रीय सेल डे मनाया। इस अवसर पर छात्राओं ने राज्य स्तरीय सेल डे समारोह में भी भाग लिया, जहां उन्होंने बाल संसद और सेल चैंपियंस के रूप में अपनी प्रतिभा प्रस्तुत की। छात्राओं ने कविता, लेखन और पेंटिंग के माध्यम से सेल से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान विद्यालय की वार्डन निधि स्वरूप और नोडल शिक्षिकाओं ने सामाजिक और भावनात्मक शिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह कौशल न केवल विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाता है, बल्कि हर व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम के दौरान अंजू कुमारी, कविता कुमारी, संपूर्णा सहित अन्य शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। शिक्षकों ने बताया कि भावनाओं का प्रबंधन सीखना आवश्यक है, क्योंकि बिना भावना के व्यक्ति एक मशीन की तरह काम करने लगता है। कार्यक्रम का समापन विभिन्न रोचक गतिविधियों के साथ हुआ, जिसमें छात्राओं ने सेल के कौशलों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का उद्वेदन



**गोड्डा ।** उत्पाद अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के सत्यापन हेतु उत्पाद निरीक्षक निलेश कुमार सिंहा के नेतृत्व में आबकारी पुलिस टीम ने सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत तसरिया गांव में की गई छापामारी में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और स्पिरिट, बॉटल, विभिन्न अंग्रेजी ब्रांडों के लेबल, ढक्कन जप्त की गई है। मिली जानकारी के अनुसार छापामारी में करीब बना हुआ नकली अंग्रेजी शराब लगभग 60 लीटर, स्पिरिट लगभग 55 लीटर तथा सैकड़ो की संख्या में विभिन्न अंग्रेजी शराब ब्रांडों के रैपर, बोतल, ढक्कन, आदि जप्त की गई है। छापामारी की भनक लगते ही अवैध शराब कारोबारी भाग निकलने में सफल रहे, जिनकी पहचान कर ली गई है। मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापामारी शुरू कर दिया गया है। बिहार में चल रहे शराबबंदी को देखते हुए होली के पर्व पर बिहार में ही शराब खपाने की तैयारी चल रही थी। उत्पाद विभाग की सक्रियता से अवैध शराब कारोबारी के मंसूबे पर पानी फेर दिया गया।

## महिला ने होली मिलन समारोह मनाया



गोड्डा ~ जिला मुख्यालय अंतर्गत लोहिया नगर के हनुमन्त अखाड़ा सेवा ट्रस्ट की महिला सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी महिला सदस्यों ने धूमधाम से गीत संगीत के साथ नाचते झूमते हुए होली मिलन समारोह कार्यक्रम को मनाया हनुमंत अखाड़ा सेवा ट्रस्ट के सचिव तेज नारायण साहा, अध्यक्ष सच्चिदानंद सिन्हा उर्फ गप्पू सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष चंदन कुमार ने इस कार्यक्रम को लेकर बताया कि होली मिलन समारोह एवं होली त्योहार में सबों को मिलजुल कर गिले शिकवे दूर करते हुए आपसी प्रेम को बढ़ावा देना चाहिए और ऐसे कार्यक्रमों को समाज मे लगातार करना चाहिए।हनुमन्त अखाड़ा सेवा ट्रस्ट का भी उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम भाईचारा सौहार्द को बनाए रखने का है। जिसको लेकर ट्रस्ट के सभी महिला पुरुष सदस्य दृढ़संकल्पित है और ऐसे कार्यक्रम में महिला सदस्य लगातार बढ़ चढ़कर हिस्सा भी लेती है। इस मौके पर निवर्तमान वार्ड 13 की पार्षद स्वीटी कुमारी, किरण देवी, मीना देवी, सुनीता देवी, स्वाति देवी, निधि यादव, रीना जायसवाल, रूबी जायसवाल के साथ-साथ अनेको महिला सदस्य और मोहल्लेवासी भी उपस्थित थे।

## होली को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक

ठाकुरगंगटी संवाददाता ~ थाना परिसर में थाना प्रभारी राजीव कुमार की अध्यक्षता में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार मंडल, अंचलाधिकारी मदन महाली, थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बारी बारी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर विशेष कानूनी जानकारी भी विस्तार से दिया गया। प्रखंड थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए गणमान्यों, बुजुर्गों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, ग्रामीण किसानों, मजदूरों की बातों को भी बारी-बारी से बारीकी से सुना और सबों से अपील किया कि होली आपसी भाईचारे का पर्व है इसे शांति और सद्भावपूर्ण वातावरण में ही मनावें। डी जे बजा पर पाबंदी रहेगी। किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं होने दें। पुलिस की गस्ती लगातार जारी रहेगी। पुलिस का हर संभव सहयोग मिलेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी जाति, धर्म या अन्य को ठेस पहुंचाने वाला चैट नहीं करें। जितना बन सके शांति और सद्भावपूर्ण वातावरण बनाए रखें। सभी पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मी, ग्रामीण पुलिस के अलावे कई पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, किसान, मजदूर, बुजुर्ग, गणमान्य, शिक्षाविद आदि शामिल थे।

## जामदेही सीएलएफ में महिला दिवस मनाया गया



नाला (जामताड़ा) ~- बंदरडीहा पंचायत अंतर्गत जामदेही सीएलएफ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर बीपीएम गणेश महतो, पंचायत मुखिया सोनामुखी सोरेन, सीसी रविंद्र नाथ महतो, आई पीआरपी अमित कुमार पंडित मौजूद थे। इस दौरान महिलाओं को समूह से जुड़े हुए सशक्त बनने का जानकारी दिया गया। साथ ही अपने आजीविका बढ़ाने की जानकारी दी गई। मौके पर अध्यक्ष मोमिता दां, सचिव सेफाली मुर्मू, गंगा यादव,जोशना गोराई, रेखा पाल, आशा मंडल, ललिता बाउरी,अनिमा मंडल, अंजु मरांडी, सम्पा कुमारी, अंबिका मरांडी, बालिका मुर्मू, सरिता देवी, रजिया, सेफाली मंडल, मिनुलाली किस्कु, रसोबती सोरेन, दीपक मंडल, हेमंत पाल, बिहन मंडल, चिनिश्वर मुर्मू, बैद्यनाथ गोराई, दयामय मंडल आदि मौजूद थे।

## चिरेका के छह कर्मियों को मैन ऑफ द मंथ अवार्ड



**चित्तरंजन।** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) के छह कर्मचारियों को फरवरी 2025 के मैन ऑफ द मंथ% पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक विजय कुमार ने 11 मार्च को यह अवार्ड प्रदान किया। उन्होंने कर्मचारियों की सराहना करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। सीनियर सेक्शन इंजीनियर अमिताव रॉय ने लोकोमोटिव्स के समय पर डिस्पैच का कुशल प्रबंधन किया। टेस्टिंग सेक्शन के साथ समन्वय कर ट्रायल रन सुनिश्चित किया। संभावित तकनीकी समस्याओं को तुरंत हल करने में मदद की। सीनियर सेक्शन इंजीनियर अभिजीत कुमार ने पावर और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण निविदाएं तैयार कर अपलोड कीं। 10 एमवीए ट्रांसफार्मर और वर्टिकल टरबाइन पंप के तकनीकी स्पेसिफिकेशन तैयार किए। सीनियर सेक्शन इंजीनियर सुमित कुमार ने डब्ल्यूएजी-9एचएच, डब्ल्यूएजी-12 ट्विन और डब्ल्यूएपी-5 पुश-पुल एयरोडायनामिक लोकोमोटिव्स की गुणवत्ता जांच सुनिश्चित की। निरीक्षण प्रमाण पत्र (आईसी) के डिजिटलीकरण में योगदान दिया। सीनियर टेक्नीशियन प्रताप सिंह ने क्रेन संचालन में दक्षता दिखाई। स्टेटर को बिना किसी क्षति के सुरक्षित रूप से स्थानांतरित किया। सीनियर टेक्नीशियन मुकेश कुमार ने निरीक्षण सेल द्वारा सुझाए गए आंतरिक सुधारों को लागू कर उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाई। बोगी असेंबली के कार्यों को सरल और प्रभावी बनाकर समय की बचत की। टेक्नीशियन ग्रेड-ढ्ढ सालग राम ने लोको शेल और उसके विभिन्न हिस्सों को सुरक्षा मानकों के तहत समयबद्ध तरीके से स्थानांतरित किया। पूरे वित्तीय वर्ष में उनके कार्य निष्पादन को लेकर कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। महाप्रबंधक विजय कुमार ने कहा कि इन कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण चिरेका की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह पुरस्कार कर्मचारियों को और अधिक प्रेरित करेगा।

## बीडीओ ने किया बिरसा हरित ग्राम से संबंधित बैठक



**ठाकुरगंगटी संवाददाता ।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार मंडल ने बिरसा हरित ग्राम योजना को सफल बनाने को लेकर कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी प्लास और सी ई ओ प्रदान संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा विस्तार से योजना की जानकारी दी गई। गांव में बागवानी के लिए लाभुकों का चयन, भूमि का चयन, गड्ढा खुदाई, गड्ढा भराई, पौधारोपण सहित विभिन्न प्रकार की प्रक्रियाओं की आवश्यक जानकारी दी गई। समयबद्ध रूप से योजना को पूरा करने पर विशेष बल दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि योजना के सभी चरणों को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाय ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ हरित विकास को बढ़ावा दिया जा सके। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी हांसदा बेंजामिन, प्रखंड प्रबंधक प्रेम प्रकाश, एफटीसी शमीम अख्तर, कल्याणी कुमारी, दिवाकर मंडल, शरद चंद झा, जितेंद्र कुमार, प्रदान संस्था के आशुतोष कुमार, सहायक अभियंता मरगूप अहमद, कनीय अभियंता के साथ-साथ रोजगार सेवक, पंचायत सचिव आदि कर्मी बैठक में शामिल थे।

## चलाया गया विशेष वाहन जांच अभियान



महागामा ~ होली पर्व के मद्देनजर जिला परिवहन पदाधिकारी कंचन कुमारी के नेतृत्व में महागामा थाना के सामने मुख्य मार्ग पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। मौके पर पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल सहित परिवहन विभाग की कर्मी मौजूद थे। इस दौरान चारपहिया और दोपहिया वाहनों के चालकों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई ताकि नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की पहचान हो सके। जांच अभियान के दौरान सभी वाहन चालकों को मुंह में ब्रेथ एनालाइजर मशीन लगाकर टेस्ट कराया गया। कोई भी चालक नशे की हालत में नहीं पाया गया, लेकिन डीटीओ ने सख्त निर्देश दिए कि यदि कोई व्यक्ति नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने, यातायात नियमों का पालन करने और होली के दौरान सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की अपील की। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग लगातार ऐसे अभियान जारी रखेगा।

# महिला सशक्तिकरण और भ्रूण हत्या पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



मिहिजाम~ जनजातीय संध्या डिग्री कॉलेज, मिहिजाम में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के छठे दिन महिला सुरक्षा और भ्रूण हत्या रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने बालिकाओं और महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों से बचाव के उपायों पर चर्चा की और सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया। एनएसएस इकाई-01 के वॉलिंटियर्स ने भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक समस्या के प्रति ग्रामीणों को सचेत किया और कन्या सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में, शिवलिबाड़ी पंचायत में स्वास्थ्य विभाग, जामताड़ा द्वारा आयोजित परिवार कल्याण दिवस में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने भी भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम पदाधिकारी रंजीत यादव और सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी निधि कुमारी ने ग्रामीणों को परिवार कल्याण और स्वास्थ्य सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी। वहीं, एनएसएस इकाई-02 की स्वयंसेविकाओं ने भागा गांव में महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम पदाधिकारी देवकी पंजियारा ने छात्राओं को सतर्कता बरतने, अनजान स्थानों पर जाने से पहले परिजनों को सूचित करने और अपने अधिकारों की जानकारी रखने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में अंशु कुमारी, जसप्रीत कौर, विश्वजीत कुमार, श्रेया कुमारी, सीमा कुमारी, शगुफ्ता नाज, अंजली कुमारी, ज्योति मिर्धा, प्रीति ठाकुर, मिठू हेंब्रम, बबीता हेंब्रम, राहुल कुमार, कुसुम लता हेंब्रम, शबी खातून, राहुल साह समेत कई एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सतर्क बनाना था, जिससे समाज में जागरूकता बढ़े और सकारात्मक परिवर्तन संभव हो सके।

# खाद्य सुरक्षा को लेकर बड़ी कार्रवाई, फूड इंस्पेक्टर ने कई जगह पर मारे छापे

जामताड़ा ~ होली जैसे महत्वपूर्ण पर्व से ठीक पहले खाद्य सुरक्षा को लेकर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई देखने को मिल रही है। मंगलवार को फूड इंस्पेक्टर अमित कुमार के नेतृत्व में सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम पहले शहर के सबसे प्रतिष्ठित मिठाई दुकान जेके स्वीट्स पहुंचे। इस दुकान में टीम के द्वारा घंटों तक विभिन्न मिठाइयों, नमकीन और अन्य सामग्री की जांच की गई। दुकानदार की मौजूदगी में सभी खाद्य पदार्थों के सैंपल कलेक्ट किए गए ताकि उनके शुद्धता की जांच की जा सके। इसके उपरांत दुमका रोड स्थित अमृत भंडार में टीम पहुंची जहां बेसन सहित अन्य खाद्य सामग्री का सैंपल कलेक्ट किया गया। इस दौरान माल सप्लाई करने वाली एक लोरी को स्वास्थ्य की टीम ने रोका जिसमें विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री भरे हुए थे। जांच के उपरांत पता चला कि जितने भी स्थानीय निर्मित सामग्री हल्दी, बेसन, सत्तू आदि है उनके पैकेट पर किसी भी प्रकार का एक्सपायरी डेट नहीं लिखा हुआ था। इसी वजह से लोरी का माल जप्त किया गया। मौके पर फूड इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया कि पर्व त्यौहार के मद्देनजर लोगों के स्वास्थ्य रक्षा हेतु यह जांच किया जा रहा है ताकि लोगों को मिलावटी सामग्री से निजात मिले और बाजार में शुद्ध और स्वच्छ खाद्य सामग्री उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि हमारी टीम लगातार नजर रखे हुए है और हम मिलावटी उत्पादों को बाजार में उतारकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं करने देंगे। मिलावटी सामान बनाने और बिक्री करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसीएमओ डॉक्टर कालिदास मुर्मू, अरविंद प्रसाद, पंकज मंडल सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया सूर्याहु पूजा



नारायणपुर(जामताड़ा)प्रखंड के कमलडीह ग्राम में सोमवार को सूर्य उपासना का पर्व सूर्याहु पूजा काफी भक्तिभाव के साथ आयोजित किया गया।इस अवसर पर कई प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, मुख्य रूप से तीन दिनों तक चलनेवाले यह पर्व सोमवार को प्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुआ। इस अवसर पर बकरों की भी बली दी गई।रविवार को लोग भक्तिभाव के साथ तालाब जाकर वहां पर बकरों को स्नान कराया गया, फिर दूसरे दिन सोमवार को घर के आंगन में भगवान भास्कर को अर्घ दिया गया।इस अवसर पर बकरों की बली दी गई एवं पूजा का समापन किया गया।पूजा के बाद देररात तक लोग पूजा वाले घर मे जाकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।विदित हो कि इस सूर्य पूजा को लेकर लगातार तीन दिनों तक वहां का वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय बना रहा।सूर्य आराधना के इस पर्व के सफल आयोजन में झलक सिंह, राजेंद्र सिंह आदि का काफी सराहनीय योगदान रहा।

## जाहेर थान में धूमधाम से मना बाहा पर्व



**जामा।** प्रखंड के कुकुरतोपा गांव में दिसोम मारंग बुरु युग जाहेर आखड़ा की ओर से गांव के जाहेर थान में काफी धूमधाम व हर्षोल्लास से बाहा पर्व मनाया गया। बता दें कि बाहा पर्व तीन दिनों का होता है प्रथम दिन को पूज्य स्थल जाहेर थान में छावनी(पुवाल का छत)बनाते है, जिसे जाहेर दाप माह कहते है। दूसरे दिन को बोंगा माह कहते है। तीसरे दिन को शरदी माह कहते है। मंगलवार को बाहा पर्व का दूसरा दिन है। इस दिन को ग्रामीण गांव के नायकी(पुजारी) को उसके आंगन से नाच-गान के साथ जाहेर थान ले जाते है। वहां पहुंचने पर नायकी बोंगा दारी(पूज्य पेड़)सारजोम पेड़(सखवा पेड़) के नीचे पूज्य स्थलों का गेह-गुरिह करते है अर्थात् गोबर और पानी से सफाई/शुद्धिकरण करते है। उसके बाद उसमे सिंदूर, काजल आदि लगाया जाता है,उसके बाद मातकोम(महवा) और सारजोम(सखवा) का फूल चढ़ाते है। बाहा पर्व में जाहेर ऐरा, मारांग बुरु, मोड़ेकू-तुरुयकू धोरोम गोसाई आदि इष्ट देवी-देवताओ के नाम बली दी जाती है। नायकी सभी महिला-पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों को सारजोम पेड़(सखवा पेड़) का फूल देते है। फूल ग्रहण करने पर सभी ग्रामीण नायकी को डोबोह(प्रणाम) करते है। जिसे पुरुष भक्त कान में और महिला भक्त बाल के खोपा में लगाते है। उसके बाद सभी ग्रामीण तुन्दाह और टमाक के थाप पर बाहा नृत्य और गान करते है। बाहा नृत्य के बाद सभी प्रसाद ग्रहण करते है।

## पंक्चर दुकान से टकराया टैंकर, टला हादसा

**सरैयाहाट।** नेशनल हाईवे 133 स्थित सरैयाहाट थाना क्षेत्र के गंगामारनी गांव के समीप मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार टैंकर ट्रक के पंक्चर दुकान को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही कि टैंकर खाली था और पंक्चर दुकान में कोई मौजूद नहीं था। नहीं तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता था। जानकारी के अनुसार खाली टैंकर गोड्डा से हंसडीहा के जसीडीह जा रही थी इसी दौरान सरैयाहाट थाना क्षेत्र के गंगामारनी के पास सड़क किनारे स्थित पंक्चर दुकान में जा घुसा। टैंकर की रफ्तार का पता इसी से लगाया जा सकता है कि घटना में जहां टैंकर के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि पंक्चर दुकान के कमरे और झोपडी सहित हवा टंकी व जेनरेटर को चूर चूर कर दिया।

## जनता दरबार में 86 लोगों ने समस्याओं को रखा

**सरैयाहाट।** प्रखंड सह अंचल मुख्यालय सरैयाहाट में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में प्रखंड कार्यालय से संबंधित कुल 72 आवेदन प्राप्त हुआ। जिनमें सर्वाधिक आवेदन आवास से संबंधित था। जबकि अंचल कार्यालय से संबंधित कुल 15 आवेदन प्राप्त हुआ, जिनमें सभी आवेदन का ऑन द स्पॉट समाधान कर दिया गया। इस दौरान बीडीओ महेश्वरी प्रसाद यादव ने जनता दरबार में आए लोगों से कहा कि जनता दरबार आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगाया जा रहा है, जहां सभी विभागों से संबंधित आवेदन लिए जा रहे हैं। किन्ही को कोई भी समस्या हो वे निसंकोच आए, ग्रामीणों की सभी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

## कल जिले के पत्रकारों का होगा होली मिलन समारोह

**दुमका।** उड़ने दो रंगों को इस बेरंग जिंदगी में एक होली ही तो है जो हमें बनाती है रंगीन को लेकर आगामी 13 मार्च को जिले के प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया में सेवा दे रहे सभी पत्रकार होली मिलन समारोह शहर के सिटी गार्डन में दोपहर एक बजे से शामिल होंगे। जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे एसपी पीतांबर सिंह खेरवार और एसडीओ कौशल कुमार की इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है।

# दहेज में बाइक नहीं दिए जाने पर नवविवाहिता की हत्या, तीन पर मामला दर्ज



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**सरैयाहाट।** सरैयाहाट थाना क्षेत्र के रौंधिया गांव में मंगलवार की अहले सुबह दहेज में मोटरसाइकिल नहीं दिए जाने पर नवविवाहिता की हत्या कर दी गई। महिला की शादी कुछ माह पूर्व ही हिन्दू रीति रिवाज से हुई थी। मामलें को लेकर नवविवाहिता के पिता बिहार के बांका जिला के कटोरिया थाना क्षेत्र बोकनमा गांव निवासी वशिष्ठ ठाकुर ने अपने दामाद सहित अन्य पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। महिला के पिता के अनुसार उसकी 19 वर्षीय बेटी मनीषा की शादी सरैयाहाट थाना क्षेत्र के रौंधिया गांव निवासी विकास ठाकुर के साथ हुई थी। मंगलवार की सुबह विकास ने फोनकर बताया कि मनीषा की तबीयत खराब है। इस जानकारी के बाद जब वे बेटी के ससुराल पहुंचे तो उसकी बेटी मृत पड़ी थीं। जब उसने दामाद से पूछताछ की तो उसने बताया कि मनीषा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।उसके गले और शरीर के अन्य जगहों पर जख्म के निशान भी देखें गए। सरैयाहाट पुलिस ने मृतक महिला के पिता के लिखित आवेदन पर मृतिका के पति सहित तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

----------------

प्रथम दृष्ट्या यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया है। अनुसंधान की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

**ताराचंद,**
**थाना प्रभारी सरैयाहाट**

## श्रीमद्भगवत कथा में सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथाओं का हुआ वर्णन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड के बनवारा पंचायत अंतर्गत बांधडीह गांव में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ के सातवें दिन मंगलवार को कथा पंडाल में भागवत भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। सातवें दिन की कथा में कथा वाचक संजयानंद झा ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष के प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने व्यास पीठ से कहा कि सुदामा जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते थे। ब्राह्मण सुदामा की पत्नी सुशीला ने पति से बार बार आग्रह किया कि आपके मित्र द्वारकाधीश हैं, उनसे जाकर मिलो, शायद वह हमारी मदद कर दें। पत्नी के ऐसा कहने पर सुदामा द्वारका पहुंचते हैं और श्रीकृष्ण से मिलने के लिए द्वारपाल से आग्रह करते हैं। जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का एक ब्राम्हण आया है और आपसे मिलने की बात करता है , तो कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले लगा लेते हैं। सुदामा की दीन-हीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है।

## शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ ने की फौजदारी बाबा की पूजा अर्चना



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जरमुंडी ।** बाबा बासुकीनाथ की पावन नगरी में मंगलवार को फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष की द्वादशी उपरांत त्रियोदशी तिथि के अवसर पर भानपुरा मठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ ने पूजा अर्चना किया। बता दें कि वे भानपुरा पीठ के शंकराचार्य हैं। बासुकीनाथ मंदिर के पंडित प्रवीण पांडेय, संजय पांडेय, मुन्ना पांडेय, कुमोद पांडेय सहित अन्य ने मंदिर गर्भगृह में उन्हें षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना कराया। पूजनोपरांत मंदिर परिसर में उन्होंने विधिवत आरती किया। उन्होंने कहा कि शिव उपासना के लिये षोडशोपचार पूजन का विधान है तथापि पंचमुखी शिव स्वरूप के लिये पंचमंत्रों से भी उपासना की जा सकती है और यदि इनके स्थान पर मात्र पंचाक्षर से सही उपासना करते हुए मानसिक उपासना को प्रभावी किया जाये तो भी शिव को प्रसन्न किया जा सकता है क्यो कि वे ब्रह्मांड के सबसे सरल देव है। उन्होंने कहा कि मृत्यु को भी सुन्दरम बनाने के लिये शिवोपासना की जानी चाहिये ताकि जीवन के अन्त में सुखद मृत्यु से मोक्षगामी हो सके। इस दौरान मंदिर के पंडा पुरोहितों ने भी उनसे आर्शीवाद प्राप्त किया।

## 100 आरोग्य दूतों को डीसी ने किया सम्मानित



**दुमका ।** जिला उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में मंगलवार को आयुष्मान भारत के अंर्तगत चल रहे विद्यालय, स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत सभी 10 प्रखण्डों में से हर प्रखंड के 5 विद्यालयों के 2-2 आरोग्य दुतों कुल 100 आरोग्य दूतों को उनके कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया। जिसमें तकनीकी सहायता सी 3 के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, सिविल सर्जन बीपी सिंह एवं डी आई ई टी मधुश्री कुमारी के द्वारा दीप प्रज्जवलीत कर की। तत्पश्चात सिविल सर्जन दुमका द्वारा विद्यालय लय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई। उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम में आए सभी आरोग्य दूतों को इस कार्यक्रम को और बेहतर करने को लेकर निर्देशीत किया गया तथा उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सभी को प्रशंसा पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डीपीएम राकेश आनंद,डी ए एम रविन्द्र सिंह, जिला समन्यवक आर के एस के शैलेश सिन्हा,क्षेत्रीय समन्यवक मृत्युजंय सांडिल, शिक्षा विभाग से डाइट सदस्य मधुश्री कुमारी एवं सभी प्रखण्ड से कुल 100 आरोग्य दूत एवं जिला समन्यवक सी -3 से कुन्दन सिंह व अन्य ने मौजूद रह कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## एसडीओ ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक



**दुमका।** अनुमंडल पदाधिकारी, दुमका -सह- निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, 10-दुमका (अ.ज.जा.) कौशल कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड द्वारा दिये गये निर्देशों से सभी को अवगत कराया गया। बैठक में राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष,सचिव, प्रखंड अध्यक्ष के साथ-साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, दुमका एवं निर्वाचन से संबंद्ध पदाधिकारी,कर्मी उपस्थित हुए।

## एसकेएम विवि में वनस्पति विज्ञान कार्यशाला संपन्न



**दुमका ।** एसकेएम विश्वविद्यालय दुमका के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को सफलता पूर्वक संपन्न हो गई। इस कार्यशाला में बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया वैज्ञानिकों ने पौधों की पहचान, नामांकन और हर्बेरियम बनाने के तकनीकी तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला के दूसरे दिन, डॉ. श्याम बिस्वा और उनके सहयोगियों ने हर्बेरियम तैयार करने के तकनीकी पहलुओं पर व्याख्यान दिया और एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया, जिसमें सूखे पौधों के नमूनों को संरक्षित करने के लिए विभिन्न उपकरणों का उपयोग किया गया। इसके बाद, डॉ. गोपाल कृष्णा ने वनस्पति नामकरण के सिद्धांतों, अर्थ और नियमों की विस्तृत व्याख्या की। कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष, डॉ. एस.एल. बोंडिया ने कार्यशाला की पूरी रिपोर्ट डॉ. जीवन सिंह जलाल को सौंपा। रिसर्च स्कॉलर, अनु मोनिका मुर्मू ने कार्यशाला के बारे में फीडबैक दिया और प्रोफेसर बसकी नीरज ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# कल रंग बरसे सीज़न -2 धूमधाम से आयोजित होगा होली का रंगारंग उत्सव



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** शहर में 13 मार्च को होली के अवसर पर दुमका में एक भव्य और रंगारंग कार्यक्रम ÷रंग बरसे सीज़न 2÷ का आयोजन किया जा रहा है। दुमका मेरी जान और दुमका डायरी के संयुक्त प्रयास से आयोजित यह कार्यक्रम शहर के आउटडोर स्टेडियम में सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक चलेगा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दिल्ली से आई ढोल टीम होगी, जो अपने शानदार बीट्स से होली के जश्न को और जोशीला बनाएगी। इसके अलावा, एक विशेष ÷कबाना÷ हट भी आकर्षण का केंद्र रहेगा, जहां लोग बैठकर होली का आनंद ले सकेंगे।

सुरक्षा के मद्देनजर, आयोजन स्थल पर 40 महिला और पुरुष बाउंसर तैनात किए गए हैं, जबकि 50 वॉलंटियर्स कार्यक्रम के सुचारू संचालन में सहयोग करेंगे। पूरे परिसर में सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की गई है, जिससे आए हुए लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

उत्सव को और भी रंगीन बनाने के लिए रेन डांस सेटअप तैयार किया गया है, जहां लोग संगीत की धुन पर पानी के फुहारों के बीच होली का मजा ले सकेंगे। साथ ही, जगह-जगह सेल्फी प्वाइंट्स बनाए गए हैं, ताकि लोग खूबसूरत यादें संजो सकें। आयोजन स्थल को भव्य और आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है, जिससे माहौल पूरी तरह होलीमय हो जाए। इस प्रेस वार्ता में आदित्य राज, ओमदत्त तिवारी, बलवंत सिंह और पीयूष कुमार साह उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी और सभी लोगों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

## जनता दरबार में 143 लाभुकों ने दिया आवेदन



**रानीश्वर (दुमका) ।** प्रखंड सभागार में मंगलवार जिले के उपायुक्त एंजेनुल दोडडे के आदेश पर जनता दरबार आयोजित हुई । बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा एवं अंचल अधिकारी संदा नुसरत की अगुआई में आयोजित जनता दरबार में 143 आवेदक ने आवेदन दिया है । जिसमे अधिकांश मईया सम्मान योजना का है । बताया है कि उन आवेदनों का निष्पादन नियमानुसार किया जायेगा ।सूत्र के अनुसार प्रखंड के सभी 17 पंचायत के विभिन्न गांव के बेटी, दो दशक पूर्व जिनकी पश्चिम बंगाल राज्य में शादी हो गया है उन महिलाओं ने यहां दोहरा नागरिकता का लाभ लेकर मईया योजना का लाभ ले रही हैं ।

## बीडीओ ने किया सीएससी का औचक निरीक्षण

**रानीश्वर ( दुमका ) ।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने मंगलवार को पाथरा के सीएससी सेंटर का ओचक निरीक्षण किया है। सीएससी सेंटर के संचालक गुलाम हसनैन के नाम पर यहां बीडीओ के पास कई शिकायत आया था । शिकायत है कि सीएससी संचालक हसनैन यहां राशन कार्ड बनाने के नाम पर एक हजार रुपये वसूली करता है। नियम विरुद्ध लाभुकों को नया राशनकार्ड भी निर्गत करता है । जबकि नया राशन कार्ड का ऑनलाइन आवेदन के लिये पांच रुपये शुल्क निर्धारित है । निरीक्षण में सरकारी योजनाओं का ऑनलाइन आवेदन का रेट की सूची का पट्ट लगाया नहीं पाया है। संचालक को रेट चार्ट के संबंध में पूछने पर संतोष प्रद उत्तर नहीं दिया है ।जांच में पाया गया है कि संचालक ने नियम विरुद्ध प्रिंट कर नया राशनकार्ड निर्गत करता है।


# इस बार खास होगी होली, जैविक रंगों के साथ सुरक्षित होली का मनेगा जश्न

## पहली बार पलाश ब्रांड के तहत हर्बल गुलाल से खेली जाएगी होली



**संवाददाता**

**मसलिया।** प्रखंड चौक पर जेएसएलपीएस के तत्वावधान में पलाश ब्रांड के तहत स्टॉल लगाकर हर्बल गुलाल की बिक्री की जा रही है। यह हर्बल गुलाल ग्रामीण क्षेत्र के स्वयं सहायता समूह द्वारा प्राकृतिक रूप से तैयार किया गया है। इस संबंध में स्टॉल में उपस्थित प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नवीन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार लोग पलाश के फूल, हल्दी, पालक एवं चुकंदर जैसी प्राकृतिक सामग्री से तैयार हर्बल गुलाल से होली के त्यौहार को मनाएंगे। यह हर्बल गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल है। समूह के दीदियों द्वारा तैयार हर्बल गुलाल दीदियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ साथ लोगो को भी रासायनिक युक्त रंगों से मुक्ति मिलेगी। रासायनिक रूप से तैयार गुलाल एवं रंग लोगो की त्वचा को हानि पहुंचने के साथ साथ आंख में लग जाने पर आंख भी खराब होने की संभावना रहती है। इस कारण से अनेक लोग रंग खेलने से भी परहेज करते है। इस मौके पर डीईओ संदीप कुमार सेन, बीएपी श्रीकांत शर्मा, एफटीसी प्रदीप शर्मा, शिवधान सोरेन, आईपीआरपी मार्सल मुर्मू, बीडीएसपी पूजा कुमारी एवं बंदना कुमारी उपस्थित थे।




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चंसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686